TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 25 अंक 56
शुक्रवार 12 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 33°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-8 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# समावेशी विकास का राष्ट्रीय रोडमैप होगा तैयार : पीएम

## नीति आयोग बैठक में पीएम मोदी का शिक्षा, कौशल, रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर

**काउंसिल बैठक**

- एफटीए से निर्यात, एमएसएमई और रोजगार को मिलेगी नई गति

नई दिल्ली, 11 जून। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में केंद्र और राज्यों के बीच मजबूत समन्वय, समावेशी मानव विकास और सहकारी संघवाद को सफलता की सबसे बड़ी शर्त बताया।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल एवं प्रशासक, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब केंद्र और राज्य साझा जिम्मेदारी निभाते हुए विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश एक ऐतिहासिक अवसर है, जिसे किसी भी कीमत पर गंवाया नहीं जा सकता।

इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास और पर्याप्त रोजगार अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस वर्ष की बैठक का विषय '2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास' रखा गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और कोई भी वर्ग, क्षेत्र अथवा समुदाय पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने राज्यों से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की भूमिका को




विकसित भारत के विजन का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि खेती, स्टार्टअप, विज्ञान और नवाचार सहित हर क्षेत्र में नारी शक्ति उल्लेखनीय योगदान दे रही है। उन्होंने राज्यों से महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। बैठक में भविष्य की विकास रणनीति के चार प्रमुख स्तंभों पर सहमति बनी।

इनमें मजबूत मानव पूंजी और भविष्य के अनुरूप कौशल विकास, उत्पादक रोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा, बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के माध्यम से जीवन स्तर में सुधार तथा प्रत्येक नागरिक के लिए समान अवसर और गरिमा सुनिश्चित करना शामिल है। प्रतिभागियों ने माना कि इन क्षेत्रों में प्रभावी क्रियान्वयन से देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा कई देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों से निर्यात और आर्थिक विकास के नए अवसर खुले हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को अपनाकर भारतीय उद्योग विश्व बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकते हैं। बैठक में सुशासन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), विभागों के बीच बेहतर समन्वय, सार्वजनिक-निजी भागीदारी तथा डेटा आधारित निर्णय प्रणाली को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। साथ ही अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों की नियमित निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने पर सहमति बनी, ताकि योजनाओं की जवाबदेही और परिणामों का बेहतर मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके। गवर्निंग काउंसिल ने दिसंबर 2025 में आयोजित मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार किया।

इनमें प्रारंभिक बाल शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा, भविष्य के अनुरूप कौशल विकास, उच्च शिक्षा को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था से जोड़ने तथा खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे विषय शामिल रहे। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सहकारी संघवाद की भावना से प्रेरित होकर सभी सरकारें मिलकर भारत की विकास यात्रा को नई गति दे रही हैं। नीति आयोग ने भी स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्यों के बीच नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में बेहतर तालमेल ही विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को नई रफ्तार देगा।

## विदिशा में 14 जून को रखी जाएगी कृषि विज्ञान केंद्र की आधारशिला

नई दिल्ली, 11 जून। मध्यप्रदेश के विदिशा में 14 जून को कृषि विज्ञान केंद्र की आधारशिला रखी जाएगी। यह केंद्र कृषि क्षेत्र में एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र के बनने से यहां के किसानों को वैज्ञानिक रूप से खेती के लिए सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा लाभ मिल सकेगा। गुरुवार को वीडियो सन्देश जारी कर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 14 जून विदिशा संसदीय क्षेत्र की खेती और किसानों के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा।

14 जून को सुबह 10 बजे विदिशा के बेरखेड़ी जट्टू में कृषि विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया जाएगा, यह कृषि विज्ञान केंद्र भारत का एक मॉडल कृषि विज्ञान केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास जिले का हमने जो वैज्ञानिक कृषि रोडमैप बनाया है, उसको क्रियान्वित करने का काम प्रारंभ किया जाएगा। चौहान ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत भी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

नकली खाद को कैसे पहचानें, उससे कैसे बचें, आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से फसलों की बुआई, आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रदर्शन, मशीनों का प्रदर्शन, स्टॉल और सीखने के लिए बहुत कुछ होगा। उन्होंने आग्रह किया कि किसान खेती को समयानुकूल बनाने के लिए इस कार्यक्रम में आकर परामर्श लें।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट के जज ने अभिनेत्री जैकलीन केस से खुद को अलग किया

नई दिल्ली, 11 जून। ट्रायल कोर्ट की ओर से 217 करोड़ की वसूली मामले में आरोप तय करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाली फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर सुनवाई से जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने खुद को अलग कर लिया। अब इस मामले पर वो बेंच सुनवाई करेगी, जिसके सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा नहीं होंगे। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को होगी। पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले में जैकलीन के अलावा ठग सुकेश चंद्रशेखर और उसकी पत्नी लीना पॉल के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया था।

### राष्ट्रपति आज से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी

नई दिल्ली, 11 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 जून से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह 13 जून को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और पासिंग आउट परेड की सलामी लेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु 13 जून को देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 158वें रेगुलर कोर्स और 141वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगी।

### विनीत राय हत्याकांड में मारे गए कमलेश का भाई पहुंचा हाईकोर्ट

प्रयागराज, 11 जून (हि.स.)। गाजीपुर में होटल कारोबारी के बेटे विनीत राय उर्फ हनी राय हत्याकांड में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए आरोपित कमलेश चौधरी उर्फ कमलेश बिंद का भाई संजय बिंद इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा है। उनसे जिला प्रशासन द्वारा जारी ध्वस्तीकरण नोटिस को याचिका के माध्यम से चुनौती दी है। एसडीएम सदर ने बगैर नक्शा स्वीकृत कराए किए गए अवैध निर्माण को लेकर ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया है। संजय बिंद के साथ ही तीन अन्य आरोपितों शंकर पांडेय, आलोक दुबे और सोनू यादव को भी नोटिस जारी किया गया है। सभी से 12 जून तक जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने की बात कही गई है।

### मोदी और बिरला ने तमिल अभिनेता भारतीराजा के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली, 11 जून। तमिल सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्देशक और अभिनेता भारतीराजा का बुधवार को 84 वर्ष की आयु में चेन्नई में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके निधन से भारतीय फिल्म उद्योग में शोक की लहर दौड़ गई है और विभिन्न राजनीतिक एवं सांस्कृतिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने संदेश में भारतीराजा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद है। वे सिनेमा जगत की एक महान हस्ती थे, जिनके कार्यों ने तमिल सिनेमा को नई दिशा दी। ग्रामीण जीवन के उनके जीवंत और यथार्थवादी चित्रण को सदैव याद किया जाएगा।

## कांग्रेस ने महंगाई, पेपर लीक पर देशव्यापी आंदोलन का किया ऐलान

**देशभर में जनता के बीच जाकर मुद्दों पर संघर्ष करेगी कांग्रेस**



नई दिल्ली, 11 जून। कांग्रेस प्रश्नपत्र लीक, पेट्रोलियम पदार्थों की महंगाई, मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन खारिज किए जाने और देश की आर्थिक स्थिति को लेकर अगले दो से तीन महीने में राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेगी।

आंदोलन ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित किया जाएगा। इसकी विस्तृत रूपरेखा अगले कुछ दिनों में पार्टी जारी करेगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां पार्टी महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों की करीब तीन घंटे चली बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। वेणुगोपाल ने मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन खारिज किए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला था, न एफआईआर और न ही कोई आरोपपत्र। इसके बावजूद उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया।

## मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच भाजपा बिहार के नवनियुक्त महामंत्रियों ने किया कार्यभार ग्रहण

पटना, 11 जून। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के नव नियुक्त महामंत्री नितिन अभिषेक और राजेश झा उर्फ राजू झा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में अपने-अपने कक्ष में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और हवन के साथ विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।



पदभार ग्रहण के बाद नितिन अभिषेक ने कहा कि भाजपा ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए वे शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं राजेश झा उर्फ राजू झा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वे पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है और संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर संवाद और समन्वय स्थापित किया जाएगा।

दोनों नेताओं ने कहा कि बिहार में भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर पार्टी नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा जनता के बीच पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त महामंत्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा संगठन हित में उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## गृहिणियों के घरेलू श्रम को सुप्रीम कोर्ट ने दी आर्थिक मान्यता

**ऐतिहासिक**

- 'नेशन बिल्डर' बताते हुए कोर्ट ने घरेलू श्रम का मूल्य 30 हजार रुपये प्रतिमाह माना
- मोटर दुर्घटना मुआवजा मामलों में घरेलू श्रम के नुकसान का मिलेगा अलग मुआवजा



नई दिल्ली, 11 जून। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में गृहिणियों के अवैतनिक घरेलू श्रम को आर्थिक और सामाजिक मान्यता देते हुए उन्हें 'नेशन बिल्डर' की संज्ञा दी है। अदालत ने कहा कि घर संभालने वाली महिलाओं का योगदान केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे मानव संसाधन निर्माण और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसलिए उनके कार्य का आर्थिक मूल्य भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली पीठ ने मोटर दुर्घटना मुआवजा मामलों में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि यदि किसी दुर्घटना में गृहिणी की मृत्यु हो जाती है या वह गंभीर रूप से घायल होती है, तो परिवार को उसके घरेलू श्रम के नुकसान का भी मुआवजा मिलना चाहिए। इसके लिए अदालत ने 'घरेलू देखभाल के नुकसान' का मानक मूल्य 30 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि गृहिणी का कार्य 24 घंटे का होता है।

## सीबीआई ने थाईलैंड व जॉर्जिया से दो भगोड़ों का प्रत्यर्पण कराया

नई दिल्ली, 11 जून। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को वांछित भगोड़े गणेश बालासो को थाईलैंड और जॉर्जिया से वांछित वैन्केट गर्ग का प्रत्यर्पण कराने में सफलता मिली है। गणेश बालासो को 24 मई को बैंकॉक में थाई अधिकारियों ने हिरासत में लिया था और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 जून को भारत भेजा गया। सीबीसीआई के अधिकारी आरोपित को लेकर आज मुंबई पहुंच गए। सीबीआई ने बताया कि मुंबई पहुंचने के बाद गणेश बालासो काले को महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल ने अपनी हिरासत में ले लिया। काले पर आरोप है कि उसने ऑनलाइन पार्ट-टाइम नौकरी का लालच देकर लोगों से निवेश के नाम पर धन जमा कराया और बाद में उन्हें धोखा दिया। वह एक नेटवर्क चलाता था जिसमें निर्दोष व्यक्तियों को शामिल कर उनके बैंक खातों का उपयोग अवैध धन हस्तांतरण के लिए किया जाता था। वैन्केट गर्ग हरियाणा पुलिस के कई मामलों में वांछित है, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, संगठित अपराध और अवैध हथियारों का इस्तेमाल शामिल है।

## ईरान-अमेरिका तनाव से होर्मुज संकट, भारतीय नाविकों की बढ़ी चिंता

वाशिंगटन/ नई दिल्ली/ मस्कट, 11 जून। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। अमेरिका द्वारा ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर नए हवाई हमले किए जाने के बाद ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का ऐलान कर दिया। ईरानी सैन्य कमान ने चेतावनी दी है कि इस मार्ग से गुजरने वाले किसी भी जहाज को निशाना बनाया जा सकता है।

इस घटनाक्रम से अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट 'सेत्तेबेल्लो' नामक ऑयल टैंकर पर मिसाइल हमला हुआ, जिससे उसके इंजन रूम में आग लग गई। जहाज पर 28 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24



भारतीय नागरिक शामिल बताए गए।

राहत अभियान में 21 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि तीन भारतीय अब भी लापता हैं। भारत सरकार ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ईरान के खिलाफ निर्णायक बढ़त हासिल कर चुका है।

## टीमसी को तीसरा बड़ा झटका, प्रकाश चिक बड़ाईक ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, 11 जून। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को एक और बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति को भेजते हुए तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में बड़ाईक ने राज्यसभा सदस्य के रूप में मिले सहयोग के लिए सभापति, उपसभापति और राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सांसद रहे प्रकाश चिक बड़ाईक को टीएमसी के प्रमुख नेताओं में माना जाता था। ऐसे समय में उनका इस्तीफा सामने आया है, जब पार्टी पहले से ही लगातार राजनीतिक चुनौतियों और आंतरिक असंतोष का सामना कर रही है। उनके इस फैसले को संगठन के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है।

**चार दशक बाद सुनी गई हत्या के मामले की अपील, सुप्रीम कोर्ट बोला-यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल**

## न्याय को 40 साल का इंतजार, व्यवस्था पर सुप्रीम प्रहार

नीरज अवस्थी

**दबाव**

- इलाहाबाद हाईकोर्ट से मांगा जवाब, लंबित आपराधिक मामलों पर बढ़ा दबाव
- पुराने मुकदमों के निस्तारण की नई रणनीति बनाने को कहा, तीन महीने में रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली, 11 जून। चार दशक तक हत्या के मामले की अपील का अदालत में लंबित रहना केवल एक मुकदमे की देरी नहीं, बल्कि देश की न्यायिक व्यवस्था के सामने खड़ी उस गंभीर चुनौती का आईना है, जिसमें समय पर न्याय देना सबसे बड़ी परीक्षा बन चुका है। इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 40 वर्ष से अधिक समय तक लंबित रही एक आपराधिक अपील को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

8 जून 2026 को न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदूरकर की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपनी अपील पर फैसला पाने के लिए चार दशक तक इंतजार करना पड़े तो न्याय का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। अदालत ने इसे अपवाद नहीं बल्कि लंबित मामलों की समस्या का गंभीर संकेत माना और कहा कि अब केवल चिंता जताने का नहीं, बल्कि ठोस समाधान लागू करने का समय आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से लंबित आपराधिक अपीलों के निस्तारण की स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा।

मामला कानपुर निवासी विजय सिंह से जुड़ा है, जिन्हें वर्ष 1983 में अपने भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसके खिलाफ उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की।

यह अपील वर्षों तक लंबित रही और आखिरकार चार दशक बाद उस पर फैसला आया। इस असाधारण देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का इतना लंबा खिंचना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है।

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने यह सुझाव भी रखा गया कि 30 वर्ष से अधिक समय से लंबित अभियोजन अपीलों को समाप्त कर बैकलॉग कम किया जा सकता है।

## उच्च इथेनॉल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क पूरी तरह समाप्त

नई दिल्ली, 11 जून। पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय की ताजा अधिसूचना के अनुसार, उच्च इथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल के विभिन्न संस्करणों पर लगने वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

सरकार का मानना है कि यह निर्णय पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दबाव कम करने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती देगा। अधिसूचना के अनुसार, अब ई22, ई25, ई27 और ई30 इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क शून्य रहेगा। सरकार का उद्देश्य अधिक इथेनॉल मिश्रित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है, जिससे पारंपरिक पेट्रोल पर निर्भरता कम होगी और उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत सस्ता तथा पर्यावरण के अनुकूल विकल्प मिल सकेगा। सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है जब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। हाल के महीनों में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त बोझ पड़ा था। ऐसे में उत्पाद शुल्क समाप्त करने का निर्णय महंगाई के दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस नीति से केवल उपभोक्ताओं को ही नहीं, बल्कि किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

# समेली के छोहार पंचायत में युवक की गला रेतकर हत्या

## एफएसएल टीम जांच में जुटी, कई एंगल से पड़ताल

**समेली, कटिहार, 11 जून (तरुणमित्र)।** समेली प्रखंड क्षेत्र के छोहार पंचायत में एक युवक की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान छोहार पंचायत वार्ड संख्या-4 निवासी मनीष मंडल (22 वर्ष), पिता अर्जुन मंडल के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात अपराधियों ने बीती रात मनीष मंडल की गला रेतकर हत्या कर दी।


मृतक की फाइल फोटो



घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। हत्या की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक मनीष मंडल पेशे से वीडियोग्राफर थे और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील्स एवं वीडियो निर्माण में भी काफी सक्रिय थे। क्षेत्र में उनकी पहचान एक प्रतिभाशाली वीडियो क्रिएटर के रूप में थी। घटना की जानकारी मिलने पर पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए कोढ़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुनील कुमार शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए। वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने के लिए कटिहार से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाया गया।

एफएसएल टीम ने घटनास्थल के पांच अलग-अलग स्थानों पर फॉरेंसिक जांच की तथा कई महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए। जांच के दौरान मृतक के गले की चेन, रक्त के नमूने, चप्पल, मोबाइल के ब्लूटूथ बड्स सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं को जब्त कर जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। एसडीपीओ सुनील कुमार शर्मा, पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार, फलका थाना अध्यक्ष प्रहलाद कुमार, एफएसएल टीम एवं बिहार पुलिस के जवानों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मृतक की मां, पिता, भाई, बहन समेत अन्य ग्रामीणों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हत्याकांड की जांच कई एंगल से की जा रही है।

आपसी रंजिश, व्यक्तिगत विवाद समेत अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों के बीच दबी जुबान से प्रेम प्रसंग की चर्चा भी हो रही है, हालांकि पुलिस ने इस संबंध में किसी भी संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट, तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा तथा दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल युवक की हत्या को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश, भय और शोक का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# देशसेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ युवाओं की तलाश, गया में सेना भर्ती प्रमुख का विशेष संवाद

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय सेना के महानिदेशक भर्ती लेफ्टिनेंट जनरल आर. एस. सुंदरम, सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल ने सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) गया का दौरा कर भर्ती प्रक्रियाओं एवं विभिन्न पहलों की समीक्षा की।इस अवसर पर उनका स्वागत कर्नल आर. मदन मोहन, निदेशक सेना भर्ती ने किया।

दौरे के दौरान उन्होंने पारदर्शी, प्रभावी एवं अभ्यर्थी-अनुकूल भर्ती प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया।एआरओ गया पहुंचने पर लेफ्टिनेंट जनरल सुंदरम ने कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर वर्तमान भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा की।उन्होंने दक्षिण बिहार के 11 जिलों में भर्ती गतिविधियों के सफल संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यावसायिक दक्षता, समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना की।

अपने दौरे के दौरान महानिदेशक भर्ती ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) गया के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप सिंह, अति विशिष्ट सेवा मेडल से भी मुलाकात की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न अधिकारी प्रवेश योजनाओं तथा भविष्य के सैन्य नेतृत्व को तैयार करने के लिए अकादमी द्वारा अपनाए जा रहे उपायों पर विस्तृत चर्चा की। महानिदेशक भर्ती ने अकादमी के जेंटलमैन कैडेट्स एवं प्रशिक्षकों के साथ भी संवाद किया।इस दौरान उन्होंने अधिकारी चयन प्रणाली, लिखित परीक्षाओं एवं सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) प्रक्रिया से जुड़े उनके अनुभवों, चुनौतियों, प्रेरणाओं एवं आकांक्षाओं की जानकारी प्राप्त की।यह संवाद युवाओं की अपेक्षाओं को समझने, वर्तमान अधिकारी चयन प्रणाली एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का आकलन करने तथा भर्ती व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने की संभावनाओं को पहचानने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल आर. एस. सुंदरम ने कहा कि भारतीय सेना के लिए अधिकारियों एवं अग्निवीरों के चयन हेतु निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीक आधारित भर्ती प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है।इससे देश के प्रतिभाशाली, योग्य एवं प्रेरित युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्र सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा।

# प्राध्यापिका प्रो. समापिका महापात्रा ने थाईलैंड में आयोजित 12वें विश्व महिला अध्ययन सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया

**टिकारी (गया), 11 जून (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के समाजशास्त्रीय अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. समापिका महापात्रा ने थाईलैंड के चियांग माई स्थित एम्प्रेस चियांग माई होटल में आयोजित प्रतिष्ठित 12वें विश्व महिला अध्ययन सम्मेलन (डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस 2026) में एक अग्रणी शोधपत्र प्रस्तुत किया।



फाइट्स फॉर अनस्पीकेबल प्लाइट्सः नॉन-हेट्रोसेक्सुअल्स (एलजीबीटीक्यूआई प्लस) स्टेटस इन ए जेन्ड्रेड वर्ल्ड शीर्षक से प्रस्तुत इस शोधपत्र का चयन डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस 2026 की वैज्ञानिक समीक्षा समिति द्वारा कठोर सहकर्मी-समीक्षा (पीर रिव्यु) प्रक्रिया के उपरांत किया गया। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रो. महापात्रा की प्रस्तुति ने वैश्विक प्रभाव वाले तथा सामाजिक रूप से परिवर्तनकारी शोध के एक प्रमुख केंद्र के रूप में सीयूएसबी की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ किया है।उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की अंतर-संस्थागत सहयोग तथा उच्चस्तरीय शोध मार्गदर्शन के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने गुरुवार को बताया कि शोधपत्र की मुख्य लेखिका प्रो. समापिका महापात्रा हैं, जबकि सह-लेखकों में डॉ. बिनीता बेहरा (सहायक प्राध्यापक, केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर) तथा श्री प्रेम प्रकाश (पीएच.डी. शोधार्थी, समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग, सीयूएसबी) शामिल हैं।शोधपत्र में प्रतिष्ठित विद्वानों की सहभागिता इस उपलब्धि को और महत्वपूर्ण बनाती है। यह अध्ययन गैर-विषमलैंगिक तथा लैंगिक मानदंडों से भिन्न पहचान रखने वाले व्यक्तियों के समक्ष उपस्थित संरचनात्मक हिंसा, सामाजिक कलंक तथा कानूनी कमियों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस शोध सम्मेलन की वर्ष 2026 की केंद्रीय थीम संवाद की शक्ति : आवाजहीनता की परिस्थितियों का उन्मूलन के अनुरूप थी। डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस 2026 सम्मेलन ने सीयूएसबी के प्रतिनिधियों को विश्वस्तरीय शिक्षाविदों एवं नीति-निमार्ताओं के साथ संवाद और नेटवर्किंग का एक समृद्ध अवसर प्रदान किया।प्रो. समापिका महापात्रा ने कहा कि थाईलैंड में आयोजित डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस 2026 में अपने शोधकार्य की प्रस्तुति ने हमें मानवाधिकारों और संरचनात्मक हिंसा से जुड़े वैश्विक विमर्श के केंद्र में सीयूएसबी को स्थापित करने का अवसर दिया।यह शोध हमारे दल की सामूहिक उपलब्धि है, जिसमें डॉ. बिनीता बेहरा और हमारे शोधार्थी श्री प्रेम प्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।संवाद की शक्ति के माध्यम से हम उन परिस्थितियों को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**दरभंगा, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम कौशल कुमार ने गुरुवार को ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम के साथ राजनीतिक दलों की उपस्थिति में समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस के गोदाम की स्थिति एवं रखे गए ईवीएम का निरीक्षण हुआ। साथ ही बहादुरपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस के आंतरिक गोदाम की स्थिति का भी अवलोकन डीएम ने किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि आयोग के मानक के अनुरूप सुरक्षा सुनिश्चित करें। मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार उपस्थिति थे।

# यात्री-नागार्जुन की 115वीं जयंती पर विद्यापति सेवा संस्थान ने दी श्रद्धांजलि



**दरभंगा, 11 जून (तरुणमित्र)।** समाज सुधार की दिशा में बाबा यात्री-नागार्जुन की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही है। उन्होंने अपनी लेखनी से जीवन पर्यन्त वर्चस्ववादी सत्ता के विरुद्ध प्रतिरोध की संस्कृति को समृद्ध किया। उनकी खासियत रही कि जनहित के विरुद्ध काम करने वालों को उन्होंने कभी नहीं बख्सा। उनकी सोच और विचार को दृढ़ संकल्प के साथ साकार किया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात विश्वविद्यालय मैथिली विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार कर्ण ने गुरुवार को जनकवि बाबा यात्री-नागार्जुन की 115वीं जयंती पर विद्यापति सेवा संस्थान एवं विश्वविद्यालय मैथिली विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए कही। विद्यापति सेवा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बुचरू पासवान ने यात्री-नागार्जुन को समतामूलक समाज निर्माण का प्रबल समर्थक बताते हुए इस बात पर निराशा जाहिर की कि उनके बाद कलम के किसी सिपाही ने इस दिशा में आवाज बुलंद करने की जहमत नहीं उठाई।

इससे पहले संस्थान के सचिव प्रो. जीवकांत मिश्र के साथ विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू प्रो. अशोक कुमार मेहता, केन्द्रीय पुस्तकालय के निदेशक प्रो. दमन कुमार झा, प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के पूर्व प्राचार्य प्रो. अयोध्या नाथ झा, विनोद कुमार झा, प्रो चन्द्र शेखर झा बूढ़ाभाई, राजीव कुमार झा, मिथिलेश मिश्र, प्रवीण कुमार झा आदि ने ललनामिवि के केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में स्थापित बाबा यात्री-नागार्जुन की प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर दुगानंद झा, पंकज कुमार ठाकुर, आशीष चौधरी, रामाशीष पासवान आदि सहित विश्वविद्यालय मैथिली विभाग के शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं शोधार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# सभी प्रखंडों में 17-18 को आयोजित होगा प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर : डीएम

**दरभंगा, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के सभी प्रखंड में प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर 17 और 18 जून को आयोजित की जाएगी। शिविर का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से अपराह्न 05 बजे तक होगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम सुपात्र व्यक्तियों एवं लाभार्थी तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से इस विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर के माध्यम से पात्र लाभार्थियों का आवेदन, पंजीकरण, सत्यापन एवं योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन), पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी (एसएचजी लिंकेज), पीएम स्वनिधि योजना, भीबीजी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना अन्य विभागीय जनकल्याणकारी योजनाएं शामिल रहेंगी।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

# बीथो शरीफ दरगाह में संरक्षित 300 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों का सर्वेक्षण संपन्न

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत संचालित देशव्यापी पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत गुरुवार को गया जिले के ऐतिहासिक खानकाह दरवेशिया अशरफिया चिश्तिया दरगाह बीथो शरीफ में संरक्षित दुर्लभ एवं प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण कार्य जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुरभी बाला तथा नव नालंदा महाविहार के सहायक प्राध्यापक डॉ. अतुल वर्मा एवं अनुजा कुमारी ने पांडुलिपियों का विस्तृत अवलोकन एवं दस्तावेजीकरण किया।सर्वेक्षण के दौरान दरगाह के मोतवल्ली सैयद शाह अरबाब अशरफ भी उपस्थित रहे। सर्वेक्षण दल ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत देशभर में चल रहा पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है।बीथो शरीफ दरगाह में संरक्षित लगभग 300 वर्ष पुरानी पांडुलिपियां ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# कोढ़ा में गुरुकुल डिफेंस अकैडमी के सफल अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान

**विधायक कविता पासवान ने बढ़ाया युवाओं का उत्साह, कहा—मेहनत और अनुशासन से मिलती है सफलता**



**कोढ़ा, कटिहार, 11 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बावनगंज पंचायत के बड़गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुकुल डिफेंस अकैडमी के सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कोढ़ा विधायक कविता पासवान ने बिहार पुलिस में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कविता पासवान ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का इस प्रकार सफलता प्राप्त करना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने की सलाह दी। समारोह के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को फूल-माला और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कोढ़ा मनोज सिंह कुशवाहा, भाजपा नेता रमन झा, मनोज ठाकुर, अखलेश सिंह, चेतन साह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 16 को होने वाले अगले सहयोग शिविर की तैयारियों की हुई समीक्षा

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में प्रगति तथा 16 जून, 2026 को आयोजित होने वाले अगले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं प्राप्त अद्यतन स्थिति का जानकारी लिया गया।पदाधिकारियों को जन-शिकायतों का प्रभावी ढंग से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने तथा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि 2 जून, 2026 को गया जिला के 24 प्रखंडों के 28 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया था।19 मई को भी 28 ग्राम पंचायतों में शिविरों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया था। डीएम ने कहा कि सहयोग शिविरों में अनेकों लोगों ने भाग लिया और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाया।आम जनता काफी प्रसन्न है।



डीएम ने लोगों ने आगे भी सहयोग शिविर में भाग लेकर सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।डीएम ने कहा कि अगला सहयोग शिविर दिनांक 16 जून को गया जिला के 28 ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के विभिन्न वार्डों के लिए चिन्हित 18 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा।इसके लिए भी वरीय पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप हर व्यवस्था की जा रही है। इसकी समीक्षा की गई और पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।उन्होंने कहा कि सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप प्रशासन के लिए जनता की संतुष्टि सर्वोपरि है।गया जिला में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते हुए जन-कार्यों के प्रति संवेदनशीलता के साथ सरकार की लोक-कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**19 मई से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है**

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के आलोक में गया जिला में भी सबका सम्मान, जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतारने एवं जन-समस्याओं के त्वरित तथा प्रभावी समाधान हेतु 19 मई से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में लोगों द्वारा सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है।डीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं का विधिवत समाधान कर आवेदकों को 30 दिनों के अंदर लिखित रूप से सूचना दी जाएगी।

डीएम ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार जन शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु सहयोग शिविरों का आयोजन अब ग्राम पंचायतों के साथ-साथ नगर निकायों के वार्डों में भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन, गया की जनता से अपीलः अब आपको सरकारी दफ्तर का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा बल्कि अधिकारी आपके द्वार आएंगे। सहयोग शिविर में आप अधिक-से-अधिक संख्या में पहुँचें और अपनी समस्या का समाधान पाएं।इसके बारे में अपने परिवार और परिचितों को भी जानकारी दें।डीएम ने कहा कि शिविर स्थलों पर सभी विभागों के काउन्टर के साथ-साथ मे आई हेल्प यू काउन्टर भी लगाया जाता है जहाँ आम जनता को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने में जिला प्रशासन द्वारा सहायता उपलब्ध करायी जाती है। शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए वरीय पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारियों, बीडीओ, सीओ को सहयोग शिविरों के आयोजन के संबंध में सघन जन-जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया है ताकि लोग इसका लाभ उठाएं। डीएम द्वारा बैठक में एसडीओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत शिविरों के आयोजन का अनुश्रवण करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों को शिविरों का सफल आयोजन कर जन शिकायतों का प्रभावी ढंग से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 11680 की संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, 9763 आवेदनों का हुआ समाधान**

डीएम ने बताया कि सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 11680 की संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके विरुद्ध 9763 आवेदनों को समाधान करवाया जा चुका है, 1721 आवेदन को निष्पादन की प्रक्रिया में है, 196 आवेदन को रद्द किया गया है।जिसमें आपदा विभाग के कुल 15 मामलों का निष्पादन किया गया।वित्त विभाग द्वारा 8 मामलों का निष्पादन किया गया।कल्याण विभाग द्वारा 12 मामलों का निष्पादन किया गया। साइंस टेक्नोलॉजी एंड टेक्निकल शिक्षा विभाग द्वारा 4 मामलों का निष्पादन किया गया।मत्स्य एवं पशु पालन विभाग द्वारा 3 मामलों का निष्पादन किया गया।खेल विभाग द्वारा 3 मामलों का निष्पादन किया गया।पर्यटन विभाग द्वारा 2 मामलों का निष्पादन किया गया।स्किल डेवलपमेंट विभाग द्वारा 2 मामलों का निष्पादन किया गया।खाद्य आपूर्ति विभाग 522 मामलों का निष्पादन किया गया।

ग्रामीण विकास विभाग 2738 मामलों का निष्पादन किया गया।ग्रामीण कार्य विभाग 41 मामलों का निष्पादन किया गया।गृह विभाग के 226 मामलों का निष्पादन किया गया।सड़क निर्माण विभाग के 42 मामलों का निष्पादन किया गया।सामाजिक सुरक्षा विभाग के 1049 मामलों का निष्पादन किया गया।कृषि विभाग के 50 मामलों का निष्पादन किया गया।शिक्षा विभाग के 267 मामलों का निष्पादन किया गया।प्लानिंग एवं डेवलपमेंट विभाग के 634 मामलों का निष्पादन किया गया।राजस्व विभाग के कुल 3042 मामलों का निष्पादन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कुरसेला में तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**कुरसेला, कटिहार, 11 जून (तरुणमित्र)।** कुरसेला थाना क्षेत्र के ढाबा सुतारा के पास गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान आबिद हुसैन, 24 वर्ष और शाहीबाज, 25 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों कटिहार खेरिया के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक कटिहार से कुरसेला ब्लॉक में सोलर का काम करने जा रहे थे। तभी ढाबा सुतारा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर गए। संयोग से कुरसेला पुलिस उसी रूट पर गश्त कर रही थी। घटना देखते ही पुलिस ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर कुरसेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

### सुरहाचट्टी पर एयरटेल स्टोर का हुआ शुभारंभ

**दरभंगा, हायाघाट, 11 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के सुरहाचट्टी चौक पर बुधवार को एयरटेल के नए स्टोर का उदघाटन किया गया। एयरटेल के डायरेक्टर मार्केट ऑपरेशन अमित त्रिपाठी ने फीता काटकर स्टोर का उदघाटन किया। इस अवसर पर बिहार - झारखंड सर्कल के सीईओ रोहन फड़के ने केक काट शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित त्रिपाठी ने कहा कि इस स्टोर के माध्यम से ग्राहकों को एयरटेल की सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यहां वाई - फाई, प्रीपेड, पोस्टपेड, सिम संबंधी सेवाओं के साथ - साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक की सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकता है। इस अवसर पर स्टोर संचालक सुमन कुमार चौधरी एवं भुवनेश्वर चौधरी ने कंपनी के आये हुए अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सेल्स हेड तुशीन देव, सीटीओ निकुंज सक्सेना, मार्केटिंग हेड अभिनव पांडे, पेमेंट्स बैंक हेड मनीष मुदगल, जेडबीएम निशांत कुमार, जेडएसएम सतीश कुमार, पेमेंट्स बैंक के जेडएम अमरकांत चौधरी, टीएसएम सामवेद ठाकुर, नितिन, शौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### वजीरगंज थाना का एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण, लंबित कांडों के निष्पादन का दिया निर्देश

**वजीरगंज (गया), 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा बुधवार की रात वजीरगंज थाना का औचक निरीक्षण कर विस्तृत समीक्षा की गई।एसएसपी ने थाना परिसर का मुआयना करने के बाद लंबित कांडों, अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, वाहन जांच अभियान तथा अन्य पुलिस गतिविधियों की गहन समीक्षा की।समीक्षा बैठक में एसएसपी ने थाना के पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया।एसएसपी ने वारंट एवं कुर्की निष्पादन में तेजी लाने, रात्रि गश्ती बढ़ाने और थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार करने का निर्देश दिया।उन्होंने वाहन जांच अभियान को और सघन करने को भी कहा ताकि अपराधियों पर लगाम कसी जा सके।



### डीएम ने मानपुर सीओ और राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रारंभ

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने गुरुवार को कहा कि सीओ मानपुर एवं राजस्व कर्मचारी प्रहलाद कुमार के विरूद्ध दाखिल-खारिज वाद के निष्पादन में लापरवाही बरते जाने को लेकर डीसीएलआर सदर द्वारा विस्तार से जांच करवाया गया, जांच में उनके विरूद्ध आरोप सही पाया गया।सीओ मानपुर एवं राजस्व कर्मचारी प्रहलाद कुमार से इन आरोपों पर 24 के अंदर स्पष्टीकरण के जबाब की माँग की गई।इन दोनों का स्पष्टीकरण संतोषजनक नही पाए जाने के पश्चात सीओ मानपुर एवं राजस्व कर्मचारी प्रहलाद कुमार के विरूद्ध विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।डीएम ने कहा कि दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही, अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।दोषी अधिकारियों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या का प्रयास के कांड में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गयाजी, 11 जून (तरुणमित्र)।** विगत 18 जनवरी को वादी के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि ये अपने फुफेरे बहनोई का दाह संस्कार में गए थे, उसी समय रंजन कुमार द्वारा गाली-गलौज करने लगा।मना करने पर जान मारने के नियत से लोहे के रॉड से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया।इस संबंध में विष्णुपद थाना कांड सं0-25/26, दिनांक-18.01.2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।विष्णुपद थाना द्वारा लंबित कांडो में वांछित / फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के अंतर्गत इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एवं अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

### एसएसपी ने जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार द्वारा गुरुवार को जिला नियंत्रण कक्ष, गया का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध संसाधनों, संचार व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण एवं ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्यप्रणाली का गहन जायजा लिया गया।इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विधि-व्यवस्था संधारण, प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई, आमजन की शिकायतों के प्रभावी निष्पादन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सीटी एसपी ने ट्रैफिक थाना का निरीक्षण किया

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निदेर्शानुसार गुरुवार को सीटी एसपी कोटा किरण कुमार के द्वारा ट्रैफिक डीएसपी सुधीर कुमार के साथ नगर यातायात थाना का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेखों के संधारण, यातायात प्रबंधन, विधि-व्यवस्था संधारण तथा पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।इस अवसर पर नगर यातायात थाना के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा सीटी एसपी को सलामी दी गई।

# अवैध खनन के अड्डों पर प्रशासन का बुलडोजर, 70 नावें ध्वस्त

**किशनगंज, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले में अवैध बालू और मिट्टी खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने गुरुवार को अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिलाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त नेतृत्व में अहले सुबह करीब चार बजे से जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में एक साथ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के कई चिन्हित घाटों और तटीय इलाकों में एक साथ दबिश दी। अभियान के दौरान अमल झाड़ी, बावन डूबा, ओद्रा, बेलवा, मौजाबारी, रहमानी टी स्टेट के पीछे का क्षेत्र, रायपुर, हालामाला सहित विभिन्न नदी घाटों पर सघन जांच और कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने पाया कि नदियों के बीच से अवैध रूप से बालू निकालने के लिए बड़ी संख्या में नावों का उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए खनन कार्य में प्रयुक्त 70 से अधिक नावों को मौके पर ही ध्वस्त कर जमींदोज कर दिया।

अधिकारियों का कहना है कि इन नावों का दोबारा उपयोग न हो सके, इसके लिए यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बालू की ढुलाई में लगे कई ट्रैक्टरों को भी जब्त किया गया। जब्त वाहनों को जिला पुलिस लाइन लाया गया है, जहां जिला परिवहन विभाग और खनन विभाग की टीम उनके दस्तावेजों, इंजन और चेसिस नंबरों की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार बिना वैध कागजात और चालान के पाए जाने वाले वाहनों के मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ नियमानुसार जुर्माना लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इस विशेष अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ-1) खुसरू सिराज, सहायक जिला खनन पदाधिकारी आदित्य कुमार समेत कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के बीच कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट और राजस्व क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत ले जाये जा रहे तस्करी के 922 किलो गांजा बॉर्डर पर जब्त

### एपीएफ की कार्रवाई में भारतीय नंबर की बाइक भी जब्त

**अररिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** नेपाल से इन दिनों भारी संख्या में गांजा की तस्करी की जा रही है। इस तस्करी में भारत और नेपाल दोनों दिशा में तस्करों का सिंडिकेट समन्वय स्थापित कर गोरखधंधा को अंजाम दे रहा है। बावजूद इसके सीमा पर तैनात भारतीय साइड में एसएसबी और नेपाल साइड में एपीएफ के द्वारा लगातार गांजा पकड़ा जा रहा है।

इसी कड़ी में नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवानों ने बीती रात्रि एक पिकअप गाड़ी पर लदे तस्करी के 922 किलो गांजा के साथ एक भारतीय नंबर की मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 जेड 7452 जब्त किया। हालांकि एपीएफ की इस कार्रवाई में तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रहे। तस्कर पिकअप गाड़ी पर धान के भूसे के अंदर छिपाकर तस्करी कर भारत सीमा क्षेत्र में ले जा रहे थे। नेपाल की आर्म्ड पुलिस फोर्स ने यह कार्रवाई अररिया जिला से सटे भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के पास मोरंग जिला के जाहदा रूरल म्युनिसिपैलिटी 7 के महादेवकोल इलाके में की। नेपाल एपीएफ ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की।

नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स के प्रवक्ता के अनुसार, सोराभाग स्थित बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स हेडक्वार्टर के तहत आने वाले बॉर्डर आउट पोस्ट नोचा और बॉर्डर आउट पोस्ट तारेगामा की संयुक्त टीम ने लक्ष्मणिया से तारेगामा की ओर जा रही पिकअप ट्रक संख्या क1खा 7022 पर नजर रखकर पीछा करना शुरू किया।

जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पिकअप ट्रक के साथ एक भारतीय नंबर की मोटरसाइकिल भी लाइनअप करते हुए साथ साथ चल रही थी। पुलिस के पीछे करने और घेराबंदी की आशंका के साथ ही पिकअप और मोटरसाइकिल के ड्राइवर अपनी अपनी गाड़ियां छोड़कर भाग गए। जिसके बाद आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवान ने दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया। तलाशी के क्रम में चावल की भूसी की बोरी में छिपाकर रखा गया प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया।

## महालेखाकार कार्यालय की पहल, पेंशन मामलों में त्रुटिरहित निष्पादन पर फोकस

**किशनगंज, 11 जून (तरुणमित्र)।** महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना के तत्वाधान में गुरुवार को जिला परिषद स्थित मेची सभागार में पेंशन स्वीकृति एवं वित्तीय प्रबंधन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों से भेजे जाने वाले पेंशन प्रकरणों में होने वाली त्रुटियों को कम करना, वित्तीय नियमों के सही अनुपालन को सुनिश्चित करना तथा लेखांकन संबंधी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना था।

कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार, बिहार संतोष कुमार, उपमहालेखाकार ओमकार तथा जिलाधिकारी विशाल राज सहित जिले के विभिन्न विभागों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (डीडीओ), पेंशन स्वीकृति पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों ने पेंशन स्वीकृति की संपूर्ण प्रक्रिया, पेंशन मामलों में सामान्य रूप से पाई जाने वाली त्रुटियों तथा उनके समाधान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पेंशन प्रकरणों में दस्तावेजों की अपूर्णता, सेवा अभिलेखों में विसंगति और आवश्यक प्रमाणपत्रों की कमी जैसी त्रुटियों के कारण मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब होता है। इन कमियों को दूर कर पेंशनधारियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके अलावा वित्तीय नियमों, लेखांकन प्रक्रियाओं और सरकारी प्रावधानों के अनुपालन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन और लेखांकन की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने समाधान किया तथा पेंशन मामलों के समयबद्ध और त्रुटिरहित निष्पादन पर विशेष जोर दिया।

# गंगा तटों की सुरक्षा से संबंधित कार्यों को एक माह में पूरा करने का निर्देश

**पटना, 11 जून (तरुणमित्र)।** जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने आज भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे जवनिया गांव में गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

सचिव ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली तथा चल रहे कार्यों पर उनका फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने गंगा नदी के निरंतर कटाव से उत्पन्न चुनौतियों को साझा करते हुए कटाव निरोधी एवं संरक्षण कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं दामोदरपुर (जवनिया) गाँवों को कटाव से सुरक्षित रखने के लिए लगभग 1200 मीटर लंबाई में कटाव निरोधी कार्य कराया जा रहा है।

इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति राशि 52.56 करोड़ है तथा वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। डॉ. सिंह ने कार्यों में तेजी लाते हुए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि मानसून की संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कटाव निरोधी कार्यों को हर हाल में अगले एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने अभियंताओं एवं संवेदकों को कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं जवनिया सहित आसपास के गाँवों को गंगा नदी के कटाव से प्रभावी सुरक्षा मिलेगी तथा स्थानीय आबादी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। निरीक्षण के दौरान विभाग के वरीय अभियंता, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसएसबी और नेपाल एपीएफ की सिकटी इलाके में संयुक्त गश्ती, नो मैंस लैंड पीलर का किया अवलोकन

**अररिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के सिकटी प्रखंड क्षेत्र से लगने वाले खुली भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी के जवानों ने नेपाल एपीएफ के साथ गुरुवार को संयुक्त गश्ती की। एसएसबी 52 वीं बटालियन की जी कंपनी आमबाड़ी की बाहरी सीमा चौकी कुचहा के एएसआई प्रसन्न कुमार मंडल और नेपाल एपीएफ के एएसआइ दीपक रावत की टीम ने संयुक्त गश्ती कर नो मेंस लैंड पर स्थित पिलरों का अवलोकन किया। यह अभियान भारत-नेपाल सीमा के स्तंभ संख्या 154 से 156 के समीप चलाया गया। इंडो-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी की 52 वीं वाहिनी आमबाड़ी अंतर्गत आमबाड़ी से कुचहा तक जवानों ने नेपाल एपीएफ के जवानों के साथ मिलकर सीमा पर संयुक्त गश्ती किया। इस संबंध में एसएसबी अधिकारियों ने बताया नेपाल की खुली सीमा के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के लेकर आपसी सहमति के तहत दोनों देशों की सरहद की सुरक्षा में लगे एजेंसी के द्वारा संयुक्त गश्ती की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने दैनिक जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएँ, समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने डीएम के समक्ष रखा।खिजरसराय के पचलख एमाचौकी ग्राम के आवेदक श्याम सुंदर कुमार ने अवगत करवाया कि भगवान शंकर की नामित धार्मिक भूमि को भूमाफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है, डीएम ने एसडीओ नीमचक बथानी को अगले 7 दिनों के अंदर जांच करते हुए, जांच प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए हैं।शेरघाटी के आवेदक संतोष कुमार ने अवगत करवाया की उनकी साक्षी राइस मिल आमस में संचालित है।बिजली बकाया को लेकर बिजली विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया। जिसके पश्चात निर्गत नोटिस में निर्धारित तिथि के पहले ही सहायक अभियंता बिजली विभाग शेरघाटी द्वारा बिजली कनेक्शन काट दिया गया, डीएम ने अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि विभाग के गाइडलाइंस को अच्छे से पालन करवाये, साथ ही उक्त मामला को जांच करते हुए दोषी कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करे।नगर अंचल के घुटिया ग्राम के आवेदक आरती सिन्हा ने बताया कि उनकी निजी जमीन पर भूमाफिया द्वारा जबरन विवाद उत्पन्न कर अवैध हस्तक्षेप करते हुए बाउंड्री वाल निर्माण में बाधा पहुँचा रहा है, डीएम ने सीओ नगर एवं थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से जांच करने का निर्देश दिए है।डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

### नव निर्मित बैरक भवन का निरीक्षण किया गया

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा गुरुवार को पुलिस केन्द्र, गया में पुलिसकर्मियों/सिपाहियों के आवास हेतु नव निर्मित बैरक भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरक भवन में उपलब्ध आवासीय सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया गया।एसएसपी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को भवन के समुचित रख-रखाव एवं पुलिसकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**गया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को गया जिला के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर वाहन जांच की गई।वाहन जांच अभियान के क्रम में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों का सत्यापन तथा यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई।साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया।

### नवादा में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**नवादा,11 जून (तरुणमित्र)।** शराब बंदी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को नवादा उत्पाद टीम संख्या-3 द्वारा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजार्पुर में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की गई। तलाशी के दौरान पप्पू कुमार पिता-दिनेश राम, निवासी-मिजार्पुर, वार्ड संख्या-22, थाना नगर, जिला नवादा के तीन मंजिला मकान में अत्यंत गोपनीय तरीके से बनाए गए तहखाने से कुल 156.25 लीटर विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की गई। तहखाना पूजा घर एवं फर्नीचर के पीछे छिपाकर बनाया गया था। बरामद शराब में रॉयल स्टैग, आईकॉनिक व्हाइट, सिग्नेचर, ब्लेंडर्स प्राइड, मैजिक मोमेंट्स वोडका सहित बडवाइजर एवं किंगफिशर ब्रांड की बीयर शामिल है। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी शराब का भंडारण कर मोटरसाइकिल के माध्यम से शहर में होम डिलीवरी करता था। आरोपी पूर्व में भी शराब तस्करी एवं होम डिलीवरी के मामलों में चार बार गिरफ्तार हो चुका है तथा एक आदतन उत्पाद अपराधी है। छापेमारी अभियान का संयुक्त नेतृत्व अवर निरीक्षक मद्य निषेध न्यूटन एवं प्रवीण कुमार ने किया। अभियान में सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध सुमन भारती, सिपाही मोहम्मद इरफान अंसारी, लवली सिंह एवं गृह रक्षक सागर कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### घायल की मौत के विरोध में टायर जलाकर सड़क जाम, हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग

**नवादा,11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के नारदीगंज बाजार में महज 10 रुपये के विवाद को लेकर लाठी-डंडों से पीटे गए 31 वर्षीय दीपू लाल की गुरुवार को इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में मौत हो गई। दीपू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव मिलने में देरी, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर नारदीगंज चौक पर टायर जलाकर करीब एक घंटे तक राजगीर-बोधगया सड़क को जाम रखा। सूचना मिलते ही डीएसपी राहुल कुमार और थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ।परिजनों को समझा-बुझाकर व न्याय का भरोसा दिलाकर जाम हटवाया। घटना के संबंध में मृतक के पिता प्रदीप लाल की लिखित शिकायत पर नारदीगंज थाने में कांड संख्या 208/2026 दर्ज की गई है। प्राथमिकी में मुख्य आरोपी अरमान समेत सात लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों–मुन्नी खातून, अख्तर उर्फ बड़ैल दर्जी और असगर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी समेत अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात हैं। संवाद भेजने तक दीपू लाल का शव नारदीगंज नहीं आया है। इस मामले को लेकर एसपी अभिनव धीमान समेत आला अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा कर शांति बनाए रखने की अपील की ।उल्लेखनीय है कि बीती 9 जून (मंगलवार) की रात करीब 8 बजे दीपू लाल दुकान पर 10 रुपये का भूंजा (दालमोट) खरीदने गया था। उसने दुकानदार को 20 रुपये दिए, लेकिन दुकानदार ने 10 रुपये ही मिलने की बात कही। इसी मामूली रकम को लेकर हुए विवाद में दीपू को लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी अनुजा देवी, पांच छोटी पुत्रियां और एक मासूम पुत्र छोड़ गया है।

# यह मेरा नहीं बल्कि बिहार के लोकगीतों का सम्मान: मनीषा श्रीवास्तव

**पटना, 11 जून (तरुणमित्र)।** सुप्रसिद्ध लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव को संगीत नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2025 देने की घोषणा हुई है। यह बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस सम्बन्ध में हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि बिहार की लोकगीतों, लोक संस्कृति के साथ-साथ उन तमाम कलाकारों का है, जो मेरी तरह बिहार के परम्परागत विषयों को आगे बढ़ाने के साथ साथ उसको सहेजने एवं संवारने का काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि इस सम्मान को अपने बड़े बुजुर्गों, गुरुजनों, साथियों को समर्पित करती हूँ। जिन्होंने मुझे हर समय प्रोत्साहन भरे शब्दों से सराहा तथा निरंतर बेहतरीन कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि उनका जीवन लोक संगीत को समर्पित है। उन्होंने अबतक भोजपुरी के अलावे मैथिली, अवधी, हिंदी एवं संस्कृत भाषाओं में गीत गाए हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी तैयारी बिहार की अन्य भाषाओं, अंगिका, बज्जिका एवं मगही की लोकगीतों को भी गाने की चल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सभी भाषाएँ मां समान हैं और उन सभी भाषाओं में अगर अच्छे लोकगीत हैं, लोक संगीत है तो उसे उसका सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकगीतों के साथ साथ बिहार के सांस्कृतिक विरासत समेत धरहोरों के ऊपर काम कर रही हैं।

बाबू वीर कुँवर सिंह की जीवनी गीत, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी गीत, प्रधानमंत्री के मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के आह्वान को प्रेरित करता मिलेट्स गीत तथा बेटी बाचाओ एवं बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थक बनाने हेतु बेटियों के ऊपर अलग-अलग विषय को लेकर गीत गा चुकी हैं। आने वाले वर्षों में बिहार के अन्य धरोहरों पर आपको गीत सुनने को मिलेंगे। मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि शुरू से अपना अलग राह बनाकर चलती रही हूँ। मैंने बाजार के अधीन खुद को नहीं किया, बल्कि बाजार में बजने वाले गीतों के समकक्ष श्लील गीतों का एक समानांतर लकीर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि संगीत नाटक अकादमी से मिला सम्मान उन्हें नई ऊर्जा देगा।

## बथनाहा में अज्ञात चोरों ने की ज्वेलरी और किराना दुकान में चोरी

**अररिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के सबसे अधिक भीड़ भाड़ वाले व्यस्ततम जगहों में से एक हाट चौक स्थित आस्था हॉस्पिटल से सटे बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने जगरनाथ ठाकुर की रानी ज्वेलर्स नामक दुकान में शटर का ताला तोड़कर ढाई लाख से अधिक के गहनों की चोरी कर ली। जबकि उसी आहते में सुरेश गुप्ता के किराना दुकान से भी लगभग एक लाख रुपए के किराना सामान की चोरी हुई है। घटना की जानकारी दुकानदारों को पता तब हुई जब वे सुबह में दुकान खोलने आए और दुकान में सभी सामान को बिखरा पड़ा हुआ पाया। सामान बिखरा पड़ा हुआ देख दुकानदार स्तब्ध रह गए, दुकान में चोरी हुई सामान का खोजबीन करने लगे। इसी बीच घटना की जानकारी बथनाहा थानाध्यक्ष राजवीर साहू को दी गई। मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष ने पहुंचकर सभी बिंदुओं की जांच की और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## गोड्डा स्टेशन पर कोचिंग डिपो का विकास, परिचालन अवसंरचना को मिलेगी मजबूती

**भागलपुर, 11 जून (तरुणमित्र)।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा परिचालन सुविधाओं के उन्नयन एवं रेलवे अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अमृत भारत स्टेशन गोड्डा पर स्टेशन की परिचालन एवं अनुरक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बहु-चरणीय योजना के अंतर्गत एक कोचिंग डिपो विकसित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को मालदा डीविजन के पीआरओ ने दी।

उन्होंने बताया कि परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 600 मीटर लंबी केमटेक पिट लाइन तथा 600 मीटर लंबी स्टेबलिंग लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इन सुविधाओं के विकसित होने से कोचिंग स्टॉक की व्यवस्थित जांच, अनुरक्षण तथा स्टेबलिंग सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे परिचालन दक्षता एवं सेवा की विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। कोचों की मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए 60 मीटर .15 मीटर आकार का सिक लाइन शेड भी विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त डिपो संचालन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सर्विस रूम, सीवाईएम कार्यालय, विद्युत उपकेंद्र तथा कंप्रेसर कक्ष जैसी आवश्यक सुविधाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। अनुरक्षण एवं परिचालन गतिविधियों के लिए आवश्यक जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से परियोजना के अंतर्गत 50 किलोलीटर क्षमता की एक ऊपरी जल टंकी का भी निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के प्रथम चरण की अनुमानित लागत लगभग 49 करोड़ है। प्रथम चरण के पूर्ण होने पर यह कोचिंग डिपो गोड्डा स्टेशन की अनुरक्षण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा, दूरस्थ सुविधाओं पर निर्भरता को कम करेगा तथा परिचालन लचीलेपन को बढ़ाएगा। यह अवसंरचना रेलवे परिसंपत्तियों के अधिक प्रभावी उपयोग, परिचालन तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा कोचिंग स्टॉक की उपलब्धता एवं विश्वसनीयता में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगी।

# रेतुआ नदी में बढ़े जलस्तर से बहा डायवर्सन, हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित

**किशनगंज, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले में टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र के धवेली पंचायत अंतर्गत लोधाबाड़ी स्थित रेतुआ नदी में जलस्तर बढ़ने से निमार्णाधीन आरसीसी पुल के समीप बनाया गया अस्थायी डायवर्सन बह गया है। डायवर्सन के क्षतिग्रस्त हो जाने से क्षेत्र के हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार नेपाल क्षेत्र में हुई लगातार बारिश के कारण रेतुआ नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। नदी में तेज बहाव आने से निमार्णाधीन पुल के पास बनाया गया अस्थायी डायवर्सन पानी की चपेट में आकर बह गया। यह डायवर्सन आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन था। ग्रामीणों ने बताया कि डायवर्सन बह जाने के बाद लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए करीब 12 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

वहीं कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं। इसका सबसे अधिक असर बाजार आने-जाने वाले लोगों, स्कूली छात्रों, किसानों, मजदूरों तथा मरीजों पर पड़ रहा है। आपातकालीन परिस्थितियों में भी लोगों को लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि रेतुआ नदी पर आरपी कंस्ट्रक्शन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से आरसीसी पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पुल निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है, जिसके कारण लोगों की सुविधा के लिए अस्थायी डायवर्सन बनाया गया था। पुल निर्माण में हो रही देरी के कारण यही डायवर्सन ग्रामीणों के लिए आवागमन का एकमात्र साधन बन गया था। डायवर्सन के बह जाने से नदी के दोनों किनारों पर बसे कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है।

बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से रेतुआ नदी में अस्थायी रूप से नाव संचालन की व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने तक नाव ही लोगों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प साबित हो सकती है। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने की भी मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

## ठेलादारों से दुर्व्यवहार के आरोप में सिपाही सस्पेंड




**किशनगंज, 11 जून (तरुणमित्र)।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर किशनगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने ड्यूटी के दौरान ठेलादारों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और अनुशासनहीन आचरण के आरोप में किशनगंज थाना में पदस्थापित सिपाही निभाकर चौधरी को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक को 9 जून का एक वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ था। वीडियो में गांधी चौक पर एक पुलिसकर्मी वाहनों और ठेलों को हटाते हुए दिखाई दे रहा था। वीडियो के साथ यह भी दावा किया गया था कि संबंधित पुलिसकर्मी शराब के नशे में था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी संतोष कुमार ने तत्काल जांच का आदेश दिया।

पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) द्वारा की गई जांच में संबंधित पुलिसकर्मी की पहचान सिपाही निभाकर चौधरी के रूप में हुई। जांच के दौरान गांधी चौक के स्थानीय लोगों और ठेलादारों से पूछताछ की गई। पूछताछ में बताया गया कि घटना के दिन संबंधित पुलिसकर्मी ने कथित तौर पर शराब के नशे में वाहनों और ठेलों को इधर-उधर किया तथा ठेलादारों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जांच प्रतिवेदन में सिपाही का आचरण प्रथम दृष्टया घोर लापरवाही, मनमानेपन, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं उदंडतापूर्ण पाया गया। इसके आधार पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया है। साथ ही सात दिनों के भीतर विभागीय जांच के संदर्भ में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 12 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, द्वादशी

## अतिरंजित दावा फेल!

मध्यपूर्व की जटिल भू-राजनीति में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ईरान नीति एक बार फिर परीक्षा की घड़ी में है। 2026 के शुरूआती महीनों में शुरू हुई संयुक्त सैन्य कार्रवाई, जिसे 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' जैसे नाम दिए गया है का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट करना, मिसाइल क्षमताओं को कुचलना और संभवतः शासन परिवर्तन था। शुरूआती हमलों में कुछ सामरिक सफलताएं मिलीं, परमाणु सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, वायु रक्षा प्रणालियां क्षतिग्रस्त हुईं और कुछ प्रमुख कमांडर मारे गए। लेकिन तीन-चार महीने बाद रणनीति नाकाम होती दिख रही है। क्यों कि इनलोगों की सबसे बड़ी गलती अतिशयोक्ति और गलत अनुमान था। ट्रंप प्रशासन ने सोचा कि अधिकतम दबाव, आर्थिक प्रतिबंध और सटीक हमलों से ईरानी शासन ढह जाएगा या आत्मसमर्पण कर देगा। नेतन्याहू लंबे समय से 'ईरान पर निर्णायक प्रहार' की वकालत करते रहे। लेकिन ईरान की क्रांति-आधारित व्यवस्था ने लचीलापन दिखाया। शासन मजबूत हुआ, चरमपंथी तत्वों का प्रभाव बढ़ा और जन-विद्रोह की उम्मीद धरी रह गई। परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ। एक्सपर्ट के रिपोर्ट्स के अनुसार, समृद्ध यूरेनियम का बड़ा हिस्सा बरकरार है और नई सुविधाएं अप्रभावित रहीं। हमले ने कार्यक्रम को कुछ महीनों पीछे धकेला, लेकिन 'पूर्ण विनाश' का दावा अतिरंजित साबित हुआ। रणनीति की दूसरी कमजोरी क्षेत्रीय वास्तविकता की अनदेखी थी। ईरान ने असममित युद्ध का सहारा लिया और होर्मुज की खाड़ी पर नियंत्रण, प्रॉक्सी समूहों के माध्यम से दबाव और आर्थिक नुकसान पहुंचाने की क्षमता को बनाये रखा। वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे अमेरिका और सहयोगी देशों को महंगाई और राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ा। इजरायल के लिए भी यह 'घास काटने जैसा' साबित हुआ, इससे अस्थायी राहत तो मिली लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। माना कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमताएं कम हुईं, पर पूरी तरह समाप्त नहीं। ट्रंप और नेतन्याहू के बीच रणनीतिक मतभेद भी उभरकर सामने आने लगे हैं। ट्रंप युद्ध को जल्दी समाप्त कर कूटनीतिक समझौते की ओर बढ़ना चाहते हैं, जबकि नेतन्याहू पूर्ण विजय पर अड़े हैं। फोन पर हुई तीखी बातचीत और ट्रंप द्वारा इजरायल को एकतरफा कार्रवाई से रोकने की चेतावनियां इस तनाव को दशार्ती हैं। अमेरिकी घरेलू राजनीति में भी यह 'अनावश्यक युद्ध' आलोचना का विषय बन गया है, लागत बढ़ रही है, सैनिकों पर बोझ और कांग्रेस में युद्ध शक्तियों पर बहस छिड़ी है। ईरान की रणनीति ने भी काम किया। वह समय को टाल रही है, चीन-रूस समर्थन जुटा रही है और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी जैसी संस्थाओं के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति हासिल कर रही है। परमाणु हथियार की दौड़ में पूर्ण ब्रेक लगाने के बजाय, हमलों ने ईरान को और अधिक सतर्क और संकल्पबद्ध बना दिया। यह नाकामी ऐतिहासिक सबक दोहराती है। इराक और अफगानिस्तान की तरह, हवाई हमलों और प्रतिबंधों से जटिल राज्य की व्यवस्था को बदलना आसान नहीं। सफलता के लिए कूटनीति, क्षेत्रीय गठबंधन और यथार्थवादी लक्ष्य जरूरी हैं। ट्रंप-नेतन्याहू जोड़ी की महत्वाकांक्षा सराहनीय हो सकती है, लेकिन बिना ठोस योजना के वह क्षेत्र को अस्थिर कर रही है। समय आ गया है कि दोनों नेता वास्तविकता स्वीकार करें। पूर्ण विजय का सपना छोड़कर, सत्यापन योग्य परमाणु समझौते, मिसाइल नियंत्रण और प्रॉक्सी युद्ध समाप्ति पर ध्यान दें। अन्यथा, ईरान पर उनकी रणनीति न केवल नाकाम साबित होगी, बल्कि मध्यपूर्व की अस्थिरता को और गहरा करेगी। इतिहास कठोर फैसले लेता है, और इस बार गलती की कीमत भारी पड़ सकती है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के अनुकरणीय आदेश



रोहित माहेश्वरी

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में कहा कि पुलिस अधिकारी लगातार नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, यह सोचकर कि उनके गलत कामों पर किसी का ध्यान नहीं जाएगा। उन्हें लगता है कि हजारों उल्लंघनों में से शायद ही कोई नागरिक अपने अधिकारों को लागू करवाने और उन्हें जवाबदेह ठहराने के लिए आगे आएगा।**

इस कड़ी टिप्पणी के साथ जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच ने एक व्यक्ति को 25,000 रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का आदेश दिया, जिसे सिर्फ. एक घरेलू झगड़े के कारण 24 घंटे तक पुलिस हिरासत में गैर-कानूनी तरीके से रखा गया था। 26 नवंबर 2022 को प्रयागराज के रहने वाले और याचिकाकर्ता (मतंबर मिश्रा) अपने खेतों से घर लौटे। तभी एक पुलिस चौकी के तत्कालीन प्रभारी सब-इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश दुबे उनके घर में घुसे और उन्हें घसीटते हुए बाहर ले गए, जबकि उन्होंने सिर्फ.लुंगी और कुर्ता पहना हुआ था।

बिना कोई कारण बताए मिश्रा को पुलिस स्टेशन ले जाया गया और 24 घंटे के लिए लॉकअप में बंद कर दिया गया। हिरासत के दौरान, एसआई दुबे ने उन्हें छोड़ने के बदले 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी। पूरी पुलिस कार्रवाई याचिकाकर्ता के भाई की बहू द्वारा दर्ज कराई गई घरेलू हिंसा की शिकायत के आधार पर शुरू की गई, एक ऐसा मामला जिसमें कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं किया गया। हाईकोर्ट के सामने एसआई ने अपनी कार्रवाई का बचाव करते हुए तर्क दिया कि याचिकाकर्ता आपसी समझौते के जरिए विवाद को सुलझाने के लिए स्वेच्छा से पुलिस चौकी में उनसे मिलने आया था।

हालांकि, बेंच ने इस दलील को खारिज कर दिया और कहा कि 'आखिरकार दुबे कोई आध्यात्मिक गुरु, पंच परमेश्वर या समुदाय के नेता नहीं थे', जिनके पास याचिकाकर्ता और उनकी बहू अपनी मर्जी से विवाद के समाधान और सलाह के लिए जाते। बेंच ने आगे कहा कि एक पुलिस अधिकारी के तौर पर लोग उनसे डरते थे, क्योंकि उनके पास राज्य की जबरदस्ती करने वाली ताकत थी, और यह 'असंभव' था कि याचिकाकर्ता अपनी मर्जी से समझौता करने के लिए उनके पास जाते। इसके अलावा, गैर-कानूनी हिरासत को छिपाने के लिए पुलिस ने मिश्रा को गैर-कानूनी हिरासत से रिहा करने के दो दिन बाद उनके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 107 और 116 के तहत कार्रवाई शुरू की।

बेंच ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई, क्योंकि उसने देखा कि ये कार्यवाही मुख्य रूप से सार्वजनिक शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए होती है और घरेलू हिंसा के निजी मामले में इनका इस्तेमाल कभी नहीं किया जा सकता। बीते दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी सरकार को आदेश दिया है कि वह उन नागरिकों को हर दिन 25,000 रुपये का मुआवजा दे, जिन्हें शांति भंग करने के आरोप में इंडियन नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी एहतियाती हिरासत के प्रावधानों के तहत 24 घंटे से ज्यादा समय तक गैर-कानूनी रूप से हिरासत में रखा गया था। जस्टिस सिद्धार्थ और जस्टिस विनय कुमार द्विवेदी की बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि मुआवजे की रकम सीधे दोषी मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी की सैलरी से वसूली जाए। बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि आम तौर पर ऐसे लोगों की रिहाई के लिए जमानत की मांग नहीं की जानी चाहिए। इसके अलावा, पर्सनल बॉन्ड की रकम 20,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

यह बेंच हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले दिव्यांग वकील चंद्र पाल सिंह की 'हेबियस कॉर्पस' यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। 22 फरवरी को गाज़ियाबाद पुलिस उन्हें जबरदस्ती ले गई थी; यह कार्रवाई एक पड़ोसी की मामूली शिकायत पर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने रास्ता रोकने वाला गेट लगा दिया था। कानून के मुताबिक उन्हें 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया, बल्कि अगले दिन असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस के सामने पेश किया गया। इसके बाद उन्हें सीआरपीसी की धारा 151/बीएनएसएस की धारा 170 के तहत जेल भेज दिया गया। अगले दिन उन्होंने और उनके भतीजे ने बीएनएसएस की धारा 170, 126 और 135 के तहत शांति बनाए रखने के लिए 50,000 रुपये का बॉन्ड भरा। इसके बावजूद उन्हें रिहा नहीं किया गया। हाई कोर्ट के दखल के बाद, उन्हें 25 फरवरी को ही रिहा कर दिया गया, जबकि उनके भतीजे को 26 फरवरी को रिहा किया गया।

बेंच ने गौर किया कि बीएनएसएस की धारा 170 में बॉन्ड या जमानत देने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर भी, जब किसी को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है, तो मजिस्ट्रेट गैर-कानूनी रूप से 50,000 रुपये का बॉन्ड और उतनी ही रकम की एक या दो जमानत की मांग करते हैं। बेंच ने 'दौदयाल बनाम राजस्थान राज्य' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का ज़िक्र किया। इस फैसले में 'नीलाबती बेहरा बनाम ओडिशा राज्य' (1993) के अहम मामले का हवाला दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि जब राज्य मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की अपनी सार्वजनिक जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहता है, तो 'मिसाल के तौर पर हजार्ना' के रूप में आर्थिक मुआवजा दिया जा सकता है।

कोर्ट ने 'अमित जानी बनाम यूपी राज्य और अन्य (2020)' और शिव कुमार वर्मा और अन्य बनाम यूपी राज्य और 3 अन्य' मामलों के फैसलों का भी ज़िक्र किया। इन फैसलों में कहा गया था कि सीआरपीसी के चैप्टर वी—999 के तहत हिरासत का आदेश तभी जारी किया जा सकता है जब बॉन्ड जमा न किया गया हो, न कि किसी और स्थिति में। यानी, हिरासत का आदेश सिर्फ.बॉन्ड जमा न करने की स्थिति में ही जारी किया जा सकता है। नागरिकों की व्यक्तिगत आजादी सबसे ऊपर है। किसी भी निर्दोष को बिना वैधानिक प्रक्रिया के जेल नहीं भेजा जा सकता। यह बात इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीते दिनों पुलिस कमिशनरेट प्रणाली में शांति भंग की धाराओं के दुरुपयोग पर कही।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंसूर अहमद उर्फ लल्लू की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने पाया कि मंसूर को 8 दिन तक अवैध रूप से न्यायिक हिरासत में रखा गया। इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन मानते हुए कोर्ट ने यूपी सरकार को पीड़ित को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया।

यह राशि राज्य सरकार को 6 सप्ताह के भीतर अदा करनी होगी। कोर्ट ने प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के कामकाज पर भी कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि कमिशनरेट सिस्टम में पुलिस आयुक्त को मजिस्ट्रेट जैसी शक्तियां दी गई हैं। यह एक चिंता का विषय है। ऐसा इसलिए क्योंकि कुछ मामलों में इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने सिर्फ प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ही नहीं बल्कि एक पुराने मामले का हवाला देते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिशनरेट के कामकाज पर भी टिप्पणी की है।

हाईकोर्ट ने प्रयागराज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के सौंपे गए रिकॉर्ड की भी जांच की। इन रिकॉर्ड्स से पता चला कि इसी तरह के प्रावधानों के तहत 2024 में 283, 2025 में 1,321 और 2026 में अब तक 721 लोगों को हिरासत में लिया गया था। कुल मिलाकर 2,325 लोगों को हिरासत में रखा गया। बेंच के अनुसार, इनमें से कई लोगों को एक हफ्ते से लेकर 20 दिनों तक हिरासत में रखा गया।

यह स्थिति सिर्फ यूपी में ही नहीं है, बल्कि दूसरे राज्यों में भी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी अपने बॉस को खुश करने के लिए इस तरह की परेशानियां खड़ी करते हैं। उम्मीद है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले उन्हें रोकने में मददगार साबित होंगे। और आम आदमी संविधान प्रदत्त स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग कर पाएगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## राजस्व, पंचायती राज और निकाय विभाग एसीबी के रडार पर



प्रकाश चन्द्र शर्मा

राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही लड़ाई में ऐसा प्रतीत होता है कि भ्रष्टाचार की बेल वहीं सबसे अधिक फैली है, जहां आमजन का सरकारी तंत्र से सबसे ज्यादा वास्ता पड़ता है। खेत की मेड़ से लेकर तहसील के दफ्तर तक, ग्राम पंचायत से नगर निकायों तक और थाने से सरकारी कार्यालयों तक-रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग के आरोपों ने व्यवस्था की साख पर लगातार सवाल खड़े किए हैं।

पिछले तीन वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि भ्रष्टाचार का दीमक सरकारी ढांचे के उन्हीं खंभों को सबसे ज्यादा खोखला कर रहा है, जिन पर जनता की रोजमर्रा की उम्मीदें टिकी हुई हैं। राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के आंकड़े इस तस्वीर को और स्पष्ट करते हैं। वर्ष 2022 से 2024 के बीच अभियोजन स्वीकृति के लिए भेजे गए 1,592 प्रकरणों में से 403 मामलों का लंबित रहना अपने आप में कई प्रश्न खड़े करता है।

कहावत है, 'न्याय में देरी, न्याय से इंकारी' और यही स्थिति भ्रष्टाचार के मामलों में भी दिखाई देती है। स्वायत्त शासन विभाग में 80, पंचायती राज विभाग में 69, कार्मिक विभाग में 59, राजस्व विभाग में 37 तथा पुलिस विभाग में 21 मामले लंबित रहे। ये आंकड़े बताते हैं कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई की गाड़ी कई स्थानों पर प्रशासनिक सिग्नलों पर अटकी हुई है।

हालांकि लंबित मामलों में स्थानीय निकाय विभाग सबसे ऊपर दिखाई देता है लेकिन जब बात एसीबी की ट्रैप कार्रवाइयों और रिश्वतखोरी के मामलों की आती है तो राजस्व विभाग लगातार सबसे अधिक चर्चा में रहा है। पटवारी, गिरदावर और तहसील कार्यालयों से जुड़े प्रकरण बार-बार सामने आए हैं। जिस विभाग का काम जमीन और अधिकारों से जुड़ा हो, वहां यदि भ्रष्टाचार की छाया गहराने लगे तो आम नागरिक को व्यवस्था किसी भूलभुलैया से कम नहीं लगती। कई बार लोगों को ऐसा महसूस होता है मानो सरकारी फाइलें तेल के बिना नहीं सरकतीं और दस्तावेजों के पहिए रिश्वत की चिकनाई तलाशते रहते हैं।

वर्ष 2023 से 2025 के दौरान एसीबी की कार्रवाइयों में राजस्व विभाग के अलावा पंचायती राज, स्थानीय निकाय, पुलिस, सहकारिता और ग्रामीण विकास विभाग भी प्रमुख रूप से जांच के घेरे में रहे। यह संयोग नहीं है कि ये सभी विभाग सीधे जनता से जुड़े हुए हैं। जहां जनता का सबसे अधिक संपर्क होता है, वहीं शिकायतों का अंबार भी सबसे ज्यादा दिखाई देता है। यह स्थिति उस कहावत की याद दिलाती है कि 'जहां गुड़ होगा, वहां चींटियां भी पहुंचेंगी' लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह तर्क स्वीकार्य नहीं हो सकता कि जनसंपर्क वाले विभाग भ्रष्टाचार के लिए स्वाभाविक रूप से संवेदनशील बने रहें।

साल 2025 में भी एसीबी का अभियान थमा नहीं। ग्राम पंचायतों, सरपंचों, ग्राम विकास अधिकारियों, राजस्व कर्मचारियों और अन्य सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कई कार्रवाई हुईं। मई 2025 में एक विधायक की कथित रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तारी ने भी राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी। यह कार्रवाई इस संदेश के रूप में देखी गई कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कानून का शिकंजा केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि ऊंचे पदों तक भी पहुंच सकता है।

समग्र तस्वीर यह संकेत देती है कि भ्रष्टाचार की शिकायतें सबसे अधिक उन्हीं विभागों में सामने आ रही हैं, जहां नागरिकों को अपने अधिकारों, प्रमाण-पत्रों, भूमि संबंधी मामलों, स्थानीय विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था से जुड़े कार्यों के लिए बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

एसीबी की लगातार कार्रवाई यह साबित करती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी है लेकिन लंबित मामलों का बड़ा आंकड़ा यह भी बताता है कि केवल छापेमारी और गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं होगी। जब तक अभियोजन की प्रक्रिया तेज नहीं होगी और जवाबदेही की तलवार समय पर नहीं चलेगी, तब तक भ्रष्टाचार का रावण बार-बार नए सिर उगाता रहेगा।

राजस्थान के लिए चुनौती अब केवल भ्रष्टाचारियों को पकड़ने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था खड़ी करने की है जिसमें ईमानदारी अपवाद नहीं, बल्कि प्रशासन की पहचान बने। तभी जनता का विश्वास मजबूत होगा और शासन का चेहरा सचमुच पारदर्शिता के आईने में साफ दिखाई देगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### कॉग्रेस में तुम आ जाना !



कृष्णेन्द्र राय

आ जाना, आ जाना ।
आ जाना, आ जाना ।।
जब दिल ना लगे दीदी ममता ।
कॉग्रेस में तुम आ जाना ।।

आज खतरे में आपकी टीएमसी ।
कॉग्रेस में तुम आ जाना ।।
जब याद सताए टूट की ।
हमारी पार्टी आ जाना ।।
जब नींद आए न रातों को दीदी ।
करने लगे तंग तुमको ये बागी ।।

धड़कन सताए, रोया ना जाए ।
तुमसे हुई बेईमानी ।।
जब दिल ना लगे दीदी ममता ।
कॉग्रेस में तुम आ जाना ।।

### सूडोकु नवताल- 7823

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7822 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## बचपन को श्रम नहीं, शिक्षा, सुरक्षा का अधिकार मिलें



ललित गर्ग

हर वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया का कोई भी बच्चा मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं होता। उसके हाथों में औजार, ईंट, बर्तन, हथौड़े, कूड़े की बोरी या कारखानों की मशीनें नहीं, बल्कि किताबें, खिलौने, रंग, सुनहले सपने और संभावनाएं होनी चाहिए। बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल है जिसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व, संस्कार, शिक्षा और भविष्य की नींव रखी जाती है। यदि यही काल श्रम, शोषण और अभाव की भट्टी में झोंक दिया जाए तो केवल एक बच्चे का नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-आईअलओ द्वारा 2002 में शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति वैश्विक चेतना जगाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। वर्ष 2026 में भी यह दिवस ऐसे समय पर आ रहा है जब दुनिया तकनीकी विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आर्थिक प्रगति के नए आयाम छू रही है, लेकिन दूसरी ओर करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित हैं।

यह विडम्बना मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब हम किसी ढाबे, होटल, चाय की दुकान, कारखाने, गैरेज, ईंट-भट्टे, खेत या ट्रैफिक सिग्नल पर किसी मासूम बच्चे को कठिन श्रम करते देखते हैं, तब अक्सर हमारी संवेदना कुछ क्षणों के लिए जागती है और फिर हम अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि कब तक हम इस पीड़ा को सामान्य मानते रहेंगे? क्या हम उस बचपन की चीख नहीं सुन पा रहे जो अपने अधिकारों से वंचित होकर मजदूरी के अंधेरे में खो रहा है?

आज भी विश्व में करोड़ों बच्चे किसी न किसी रूप में बाल श्रम में संलग्न हैं। इनमें से बड़ी संख्या खतरनाक परिस्थितियों में काम करती है, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, विस्थापन, तस्करी, युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं और कमजोर सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाएं बाल श्रम की प्रमुख वजहें हैं।

परिवार की आर्थिक विवशताएं बच्चों को स्कूल की बजाय काम की दुनिया में धकेल देती हैं। लेकिन गरीबी का समाधान बच्चों से काम कराना नहीं, बल्कि परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, आत्मविश्वास और भविष्य छीन लेता है। जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि कारखाने में है, तो यह केवल उस बच्चे की नहीं, पूरे समाज की विफलता है। बाल श्रम गरीबी का चक्र भी बनाए रखता है, क्योंकि अशिक्षित बच्चा बड़ा होकर कम आय वाले कार्यों तक सीमित रह जाता है और अगली पीढ़ी भी उसी अभाव में जीने को मजबूर होती है। भारत सहित अनेक देशों में बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईअलओ के कन्वेंशन 138 और कन्वेंशन 182 न्यूनतम कार्य आयु और बाल श्रम के सबसे खतरनाक रूपों पर रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। भारत में भी बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा शिक्षा का अधिकार कानून मौजूद हैं। लेकिन कानूनों की प्रभावशीलता उनके कठोर और ईमानदार क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कई बार कानूनी प्रावधान होने के बावजूद बाल श्रम छिपे हुए रूपों में जारी रहता है। आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाए जाने चाहिए। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, मीडिया, उद्योग जगत और नागरिक समाज को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और महिला अधिकारों को लेकर वैश्विक चेतना विकसित हुई है, उसी प्रकार बाल अधिकारों के लिए भी विश्वव्यापी जनमत तैयार करना होगा। कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है।

इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। विशेष रूप से डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग बाल श्रम उन्मूलन के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शी निगरानी, बाल श्रम शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल, त्वरित कार्रवाई तंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी आपूर्ति श्रृंखला में कहीं भी बाल श्रम का उपयोग न हो। जो कंपनियां ऐसा करती पाई जाएं, उनके विरुद्ध कठोर आर्थिक और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। बाल श्रम समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा है। केवल विद्यालय खोल देना पर्याप्त नहीं है; शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों को आकर्षित करे, जीवनोपयोगी कौशल दे और उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। यदि परिवार की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी तो बच्चों को मजदूरी के लिए भेजने की मजबूरी भी कम होगी।

हमें यह भी समझना होगा कि बचपन केवल जीवित रहने का नाम नहीं है; बचपन का अर्थ है सपने देखने की स्वतंत्रता, खेलने का अधिकार, सीखने का अवसर, स्नेहपूर्ण वातावरण और सुरक्षित भविष्य।

जिस समाज में बच्चे मुस्कुरा नहीं सकते, वह समाज कभी वास्तविक विकास नहीं कर सकता। आर्थिक विकास की ऊंची इमारतें तब तक अधूरी हैं जब तक उनके नीचे किसी बच्चे का कुचला हुआ बचपन पड़ा हो। महान शिक्षाविद् नेल्सन मंडेला ने कहा था, 'किसी समाज की आत्मा को जानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि वह अपने बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करता है।'

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृष-** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुन-** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क-** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह-** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**कन्या-** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला-** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक-** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु-** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**मकर-** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**कुम्भ-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**मीन-** विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# डीएलआरएसी व डीएलसीसी की हुई समीक्षात्मक बैठक

**पूर्वी चंपारण, 11 जून (तरुणमित्र)।** समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राधा कृष्णन सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरएसी व डीएलसीसी) की चतुर्थ तिमाही (2025-26) मार्च- 2026 की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में मधुबन के विधायक राणा रणधीर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि बेतिया प्रदीप सर्राफ, अग्रणी जिला प्रबंधक (एल.डी.एम) राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक शुभम कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, डीडीएम नाबार्ड आनन्द अतिरेक, सेंट्रल बैंक आरसेटी निदेशक बिपिन कुमार, एलडीओ आरबीआई संदीप कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि, जीविका से राजू कुमार सहित विभिन्न बैंकों के भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधकगण सहित सभी जिला समन्वयक एवं विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी सहित अन्य शामिल थे। सभी उपस्थित गणमान्य का एलडीएम राजेंद्र कुमार पांडे के द्वारा स्वागत किया गया। बैठक के दौरान जिला संबंधित पदाधिकारियों व बैंक प्रबंधकों के साथ सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। वार्षिक ऋण योजना की चतुर्थ तिमाही, केसीसी, प्राथमिकता क्षेत्र, ऋण-जमा अनुपात, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमइजीपी, जिला साख योजना उपलब्धि, पीएमएफएमई, पीएमस्वनिधि, महिला स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, पीएम सूर्य घर योजना, आरसेटी के कार्य उपलब्धि व बचत खाता, मुद्रा ऋण और पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई क्लेम सेटलमेंट, अटल पेंशन योजना सहित अन्य की भी समीक्षा की? गई। इस अवसर पर मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह ने बैंकों से नवीन केसीसी पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कि और सभी बैंकों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक आवेदन को ससमय संपादित करें। उन्होंने कहा कि बैंक ऐसा काम करें जिससे आमजन को बिना किसी सिफारिश या बिचौलियों के उनका काम आसानी से हो जाए और उन्हें बार-बार बैंक दौड़ना नहीं पड़े। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा आगामी 17 व 18 जून को प्रखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर में अधिक से अधिक ऋण आवेदन निष्पादित करने का निर्देश बैंकों को दिया गया जिस पर एल.डी.एम राजेंद्र कुमार पाण्डेय के द्वारा आश्वस्त किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में बैंकों की सहभागिता अवश्य रहेगी। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए एक अलग से समीक्षा बैठक करने के लिए एस.डी.सी बैंकिंग को निर्देश दिया गया।



# नवाचार से छात्र-छात्राओं को मिलेगी आर्थिक मजबूती: डा. राहुल प्रकाश




**बेगूसराय, 11 जून (तरुणमित्र)।** नगर निगम बेगूसराय आईएम हॉल के सभागार में गुरुवार को विज्ञान एंव प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार के वरीय वैज्ञानिक डा. राहुल प्रकाश ने नागरिक कल्याण संस्थान द्वारा इंटर्नशिप करा रहे सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच जानकारी देते हुए कहा कि नवाचार सोच को राष्ट्रीय पटल पर आप सबों को ऊपर तक ले जाना है। आप अपने अंदर यह सोचें कि समाज में किसी तरह की समस्या सामने आती है, तो उसका निराकरण कैसे किया किया जाएगा।

आपको इंटर्नशिप के तहत छह हजार का मासिक प्रोत्साहन राशि और दो हजार रुपए मासिक यात्रा भत्ता का खर्चा दो साल तक दिया जाएगा। भारत के अंदर नये नवाचार से छात्र-छात्राओं को सामाजिक आर्थिक रुप से मजबूती भी मिलेगी और उनकी पहचान भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी।

विज्ञान प्रोद्योगिकी मंत्रालय के विचार सोच को समाहित कर नये नवप्रवर्तनशील भारत का निर्माण करेगा। आप नागरिक कल्याण संस्थान के साथ जुड़े रहें। आपलोगों को समय-समय पर आकर हम जानकारी साझा करते रहेंगें। आप कला विज्ञान या वाणिज्य किसी भी विषय के छात्र-छात्रा हो, सभी के लिए इंटर्नशिप की जगह मेरे पास है। कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी कोई भी क्षेत्र हो। अपने स्वेच्छापूर्वक शोध कर सकते हैंआउट। इसलिए अपने सोच को संकुचित ना कर बड़ा सोच रखें। नागरिक कल्याण संस्थान के सचिव संजय गौतम ने कहा कि छात्र-छात्राओं को वैचारिक रुप से ठोस होना है।

# राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव



**नावकोठी, बेगूसराय , 11 जून (तरुणमित्र)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 78वां जन्मदिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के ररिऔना में राजद नावकोठी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और केक काटकर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 78वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरेराम कुशवाहा, बखरी प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष गंगाराम महतो, नावकोठी युवा राजद अध्यक्ष वंशराज यादव, मो कैफुल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने लालू यादव को बधाई दी। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद यादव गरीबों-वंचितों की आवाज हैं। सामाजिक न्याय के पुरोधा हैं। उनकी लड़ाई आज भी हमें प्रेरणा देती है। लालू प्रसाद यादव का जन्म 11 जून 1948 को गोपालगंज जिले के फुलवरिया गांव में हुआ था। पार्टी नेताओं ने कहा कि लालू यादव ने हमेशा सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की राजनीति की है। कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की है।

# पिपराकोठी में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत कार्यशाला आयोजित

**मोतिहारी, 11 जून (तरुणमित्र)।** पिपराकोठी भारत सरकार की अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत भाकृअनुप-महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति समुदाय के 500 से अधिक किसान भाई-बहनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनुसूचित जाति उपयोजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान एकीकृत कृषि प्रणाली पर कार्य करता है, जिसके तहत खेती, पशुपालन एवं मत्स्य पालन को एक साथ जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का




प्रयास किया जाता है।श्री सिंह ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मिट्टी, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का जनआंदोलन है। उन्होंने किसानों से खेतों की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की।उन्होंने कहा कि खेत की उर्वरता केवल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि मिट्टी में मौजूद जैविक कार्बन, सूक्ष्मजीवों और पोषक तत्वों के संतुलन से बनी रहती है।

इसलिए किसानों को गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन तथा जैव उर्वरकों का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। साथ ही 'पहले मृदा परीक्षण, फिर उर्वरक उपयोग' की अवधारणा अपनाने पर बल दिया।कार्यक्रम में बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम, विधायक कृष्णनंदन पासवान, किसान नेता मनोज पासवान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।कार्यशाला के दौरान किसानों को मृदा संरक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक बनाना था।

# भूमि बंटबारे को लेकर सरपंच और न्याय सचिवों की बैठक

**नावकोठी, बेगूसराय , 11 जून (तरुणमित्र)।** नावकोठी के ई-किसान भवन में न्याय मित्र, न्याय सचिव एवं सरपंच के संयुक्त बैठक गुरूवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता सीओ सूरज कुमार ने की। पंचायती राज विभाग और राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जमीन के आपसी बंटवारे को लेकर होने वाले विवाद को कम करने के उद्देश्य से जन जागरूकता चलाने का निर्णय लिया गया। पंचायतों में राजस्व विभाग द्वारा चलाए जा रहे आपसी बंटवारा अभियान की विस्तृत जानकारी सीओ ने दी।



अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत सह-खातेदारों के बीच ग्राम कचहरी में अपने पुश्तैनी जायदाद के बंटवारे के लिए खतियान, ऑनलाइन राजस्व रसीद, केवाला, वंशावली आदि माध्यम से जमीन बंटवारा के लिए आवेदन किया जायेगा। अंचल के द्वारा शेड्यूल पर हिस्सेदारों का हिस्सा कायम कर दाखिल खारिज कर स्वामित्व निर्धारित किया जायेगा। बीपीआरओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि आपसी सहमति से बंटवारा होने पर समय और पैसा दोनों की बचत होती है और अदालती मामलों का बोझ भी कम होता है।

पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने और अधिक से अधिक लोगों से आवेदन ऑनलाइन कराने की अपील की गयी। बैठक में सरपंच सारो देवी, शांति देवी, बाबू साहेब कुंवर, अर्जुन पासवान, रामनंदन महतो, न्याय सचिव मो रहमत, राम उदगार महतो, किशोर कुमार, न्याय मित्र श्वेता मिश्रा, कौशल किशोर ठाकुर, राजकुमार, रंजू कुमारी, राधा कुमारी, बबली कुमारी आदि मौजूद थे।

# गुठनी में महिला हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सीवान, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले में गुठनी थाना क्षेत्र के डरैला गांव में महिला हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी ने महिला की गला घोंटकर हत्या करने के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को ईंट-भट्ठे के पास एक गड्ढे में छिपा दिया था। पुलिस के अनुसार, 10 जून को गुठनी थाना को प्राप्त लिखित आवेदन में बताया गया कि डरैला निवासी मुमताज अहमद ने नजमा खातून की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को शैलेश सिंह की चिमनी के समीप एक गड्ढे में रखकर ऊपर से ईंटों से ढक दिया, ताकि घटना की जानकारी किसी को न हो सके।

मामले को गंभीरता से लेते हुए गुठनी थाना में मृतका के परिजनों के आवेदन पर धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान एवं प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी मुमताज अहमद, पिता-सफीर अहमद, निवासी-डरैला, थाना-गुठनी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस जांच में प्रारंभिक रूप से यह तथ्य सामने आया है कि आरोपी और मृतका के परिजनों के बीच पूर्व से किसी विवाद को लेकर दुश्मनी चली आ रही थी। इसी रंजिश में घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि मामले की विस्तृत जांच जारी है। गिरफ्तारी अभियान में थानाध्यक्ष पु.अ.नि. सुनील कुमार,पु.अ.नि. मशहुर आलम एवं गुठनी थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छपरा जंक्शन पर ट्रेन के महिला कोच से 24 लीटर अवैध शराब बरामद

**सारण, 11 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल की सीपीडीएस टीम, सीआईबी और रेसुब पोस्ट छपरा जंक्शन को नशाखोरी व तस्करी के खिलाफ अभियान में सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने छपरा जंक्शन पर गाड़ी संख्या 05096 के आगमन के दौरान सघन चेकिंग अभियान चलाया। निगरानी के क्रम में ट्रेन के महिला कोच संख्या 074081 की सीट के नीचे दो लावारिस काले बैग मिले। तलाशी लेने पर बैग से कुल 24 लीटर अवैध विदेशी अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 7,230 रुपए है। इस कार्रवाई में रेसुब छपरा के उप निरीक्षक विशाल, एएसआई बृज सुंदर कुमार, एएसआई आनंद मोहन सिंह, कांस्टेबल संजय यादव, देवरिया पोस्ट के हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार शाह और मसरख पोस्ट के मुकेश कुमार सिंह शामिल रहे। बरामद शराब को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी छपरा को सौंप दिया गया है।

### दहेज हत्या कांड के आरोप में एक गिरफ्तार

**सारण, 11 जून (तरुणमित्र)।** दिघवारा थाना पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए दहेज हत्या कांड के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बीती 9 जून को मृतिका के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने के कारण ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। इस संबंध में दिघवारा थाना में बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या-236/26 दर्ज कर जाँच शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतिका के ससुर मनोज ठाकुर मिल्की गांव दिघवारा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रशासन के अनुसार मामले में संलिप्त अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### पुलिस ने 5000 हजार के इनामी शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरसिद्धि, 11 जून (तरुणमित्र)।** थाना पुलिस ने बुधवार को दामोवृति इलाके से 5,000 रुपये का इनामी शराब कारोबारी चुमन सहनी (पिता राजा सहनी) को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि चुमन सहनी पर बिहार मद निषेध एवं उत्पाद अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में कुल आठ मामले दर्ज हैं। इनमें 05 मई 2023 को दर्ज कांड संख्या 292/23 (धारा 272/273 भा.द.वि. व 30(ए) बिहार मद निषेध एवं उत्पाद अधिनियम), 03 अगस्त 2023 का कांड संख्या 89/23 (धारा 272/273 भा.द.वि. व 30(ए)/32/41(1)), 31 दिसंबर 2024 का कांड संख्या 728/24 (धारा 30(ए)/38(1)/41(1)), तथा 08 मार्च 2025 का कांड संख्या 135/25 (धारा 30(ए)) प्रमुख रूप से शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पर 27 और 28 नवंबर 2025 तथा 03 दिसंबर 2025 को दर्ज अन्य मामलों के अलावा 14 फरवरी 2026 को दर्ज कांड संख्या 101/26 (धारा 30(ए)) भी दर्ज है। गिरफ्तारी के समय हरसिद्धि थाना के दरोगा अविनाश कुमार, बनाफल अक्षय, अंकित कुमार, प्रीतम कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी कार्रवाई में मौजूद थे।

### हत्या के प्रयास के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**हरसिद्धि, 11 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त परदेशी सहनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार यह मामला हरसिद्धि थाना कांड संख्या 298/26, दिनांक 7 जून 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उठाया गया। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2), 115(2), 118(1), 352, 109(1) एवं 3(5) के तहत आरोप दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त परदेशी सहनी रामनगर के गायघाट गांव का निवासी है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कारवाई पूरी कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना की जांच अभी जारी है और मामले के अन्य आयामों पर भी कार्रवाई की जा रही है।स्थानीय पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए पुलिस से संपर्क किया जा सकता है।

### वीरपुर में बाइक लूटकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**सुपौल।** जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र में बीते 29 मई को हुई बाइक लूट की वारदात के मामले में पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लूट की घटना में इस्तेमाल की गई एक बाइक भी बरामद की गई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 84/26 के तहत मुजफ्फरा गांव निवासी साजिद अली के 19 वर्षीय पुत्र इब्राहिम अंसारी उर्फ नुनु को गिरफ्तार किया गया है।

# मुस्कान योजना से लाभुक को सौंपा गया खोया हुआ मोबाइल

**बखरी, बेगूसराय, 11 जून (तरुणमित्र)।** बखरी पुलिस ने मुस्कान योजना के तहत बरामद किए गए मोबाइल फोन को उसके वास्तविक मालिक को सुपुर्द कर दिया। हेमनपुर निवासी राजीव कुमार वर्मा का खोया हुआ मोटोरोला जी54 5जी मोबाइल फोन विधिवत सौंपा गया।

मोबाइल प्राप्त होने पर राजीव कुमार वर्मा ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने खोए हुए मोबाइल की वापसी की उम्मीद कम थी, लेकिन मुस्कान योजना के माध्यम से उनका मोबाइल वापस मिल गया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि मुस्कान योजना का उद्देश्य खोए अथवा गुम हुए मोबाइल फोन को तकनीकी जांच एवं ट्रैकिंग के माध्यम से बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को लौटाना है।इससे आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और उन्हें राहत मिल रही है। मोबाइल सुपुर्द करने के दौरान पीएसआई सुशांत कुमार भी थे।

# जेपीयू मोबिल कांड को शोध छात्र संगठन ने बताया साजिश

**सारण , 11 जून (तरुणमित्र)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति परमेंद्र बाजपेई पर मोबिल फेंकने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शोध छात्र संगठन के सीवान प्रभारी विशाल सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई के बाद विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति में गरमा गई है। छात्र संगठन ने इस गिरफ्तारी का विरोध करते हुए अपने प्रतिनिधि को साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाया है। संगठन के संरक्षक उज्ज्वल सिंह ने विशाल सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार और शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ संगठन लगातार मुखर रहा है और यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। संगठन का आरोप है कि जिस पदाधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया है, वह स्वयं भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त है। विश्वविद्यालय प्रशासन को कम से कम कोई ईमानदार पदाधिकारी ढूंढना चाहिए था।संगठन के नेताओं ने विज्ञप्ति जारी कर एकतरफा कार्रवाई की निंदा की और कहा कि भ्रष्टाचार की पोल खुलने से नाराज विश्वविद्यालय प्रशासन ने योजनाबद्ध तरीके से अपने ही व्यक्ति से मोबिल फेंकवाकर छात्रों को फंसाया है। छात्र नेता गुलशन यादव ने कहा कि संगठन ने ऐसा किया होता तो सीना ठोककर स्वीकार करता। उन्होंने कुलपति से सवाल किया कि छात्रों को अंक पत्र की हार्ड कॉपी क्यों नहीं मिल रही, रिजल्ट में गड़बड़ियां क्यों हैं और डिग्री समय पर क्यों नहीं दी जा रही है?अब संगठन ने न्यायालय पर भरोसा जताया है और प्रशासन से मोबिल फेंकने का वीडियो फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की है।

# वैशाली एक्सप्रेस में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 25 .56 लीटर विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सीवान।** रेल सुरक्षा बल की ट्रेन स्कॉर्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व एवं सीपीडीएस टीम ने संयुक्त गुरुवार को कार्रवाई करते हुए वैशाली एक्सप्रेस से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25.56 लीटर विदेशी शराब बरामद की है।बरामद शराब की अनुमानित कीमत 30,200 रुपये बताई गई है.गिरफ्तार तस्करों की पहचान आलोक कुमार (31 वर्ष) एवं मिठू कुमार (28 वर्ष), दोनों निवासी रामदास मंझौली, थाना कोचहा, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश तथा आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक सीवान सुबाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में गुरुवार को ट्रेन संख्या 15566 नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली एक्सप्रेस में अपराध एवं संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी।

# खरीफ महोत्सव में किसानों को समय पर बीज-खाद उपलब्ध कराने पर जोर

**बखरी, बेगूसराय, 11 जून (तरुणमित्र)।** बखरी प्रखंड के सभागार में गुरुवार को खरीफ महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव, विधायक प्रतिनिधि सह लोजपा (रा.) प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव, घनश्याम राय, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रशांत कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सोभित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार मुकेश, बीपीआरओ सोनू कुमार, बीटीएम विजय कुमार यादव, सुरेन्द्र कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि बलराम सिंह कुशवाह तथा आत्मा अध्यक्ष घूरन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव ने



कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज एवं खाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि खरीफ फसलों की खेती प्रभावित न हो। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

महोत्सव के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती कर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, विनय कुमार, लोजपा (रा.) प्रखंड उपाध्यक्ष अमरजीत महतो, संजीत यादव, सिकंदर महतो सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन परिसर से दो युवक नशे की हालत में गिरफ्तार,भेजे गये न्यायिक हिरासत में

**सुगौली, पू.च. , 11 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे स्टेशन परिसर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया। दोनों युवक रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते पाए गए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर जांच की। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रूपेश कुमार सिंह (25 वर्ष), पिता ओमप्रकाश सिंह तथा प्रमोद यादव, पिता स्वर्गीय जगदीश यादव, दोनों निवासी पानापुर भेड़ियारी वार्ड संख्या-08, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। जीआरपी थानाध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया कि स्टेशन परिसर में नियमित गश्ती के दौरान दोनों युवक नशे की हालत में पाए गए। पुलिस टीम ने उन्हें तत्काल हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। इसके बाद दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें नशे के सेवन की पुष्टि होने पर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष श्री झा ने बताया कि रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नशाखोरी अथवा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक कार्रवाई हेतु अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

# राजेंद्र कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन सांसद सिग्रीवाल ने साझा की पुरानी यादें

**सारण, 11 जून (तरुणमित्र)।** राजेंद्र महाविद्यालय के परिसर में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महाराजगंज के सांसद और कॉलेज के पूर्व छात्र जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने छात्र जीवन के दिनों को याद किया। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन की अनुभूतियों को मापने का दुनिया में कोई पैमाना नहीं है। कॉलेज के दिनों के अहसास को न तो तोलने का कोई तराजू है और न ही इसकी यादों को नापने का कोई मीटर।

अपने संबोधन में सांसद सिग्रीवाल ने राजेंद्र महाविद्यालय के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस संस्थान का अपना एक अनूठा इतिहास और प्रभाव रहा है। एक दौर था जब पूरे जिले और राज्य भर से छात्र यहाँ शिक्षा ग्रहण करने आते थे। उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि उनके समय के प्राचार्य और विभागाध्यक्षों का न केवल विश्वविद्यालय पर बल्कि पूरे राज्य के शिक्षा क्षेत्र में एक अलग दबदबा और सम्मान था।

यहाँ के शिक्षक अपनी विद्वता के लिए दूर-दूर तक जाने जाते थे। अपने छात्र राजनीति के दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भी इसी परिसर में अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया था। उन्होंने अंत में संकल्प दोहराया कि यह संस्थान उनके आगे बढ़ने का माध्यम रहा है और इसके प्रति सदैव श्रद्धा का भाव रहेगा। मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा जब हम स्कूल छोड़कर पहली बार कॉलेज की दहलीज पर आए थे, तो वह एक बिल्कुल अलग और अद्भुत अहसास था। आज इस परिसर में आकर मेरा वह बचपन और छात्र जीवन एक बार फिर पूरी तरह जीवंत हो उठा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेंद्र कॉलेज एल्युमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षण संस्थानों के विकास में पूर्ववर्ती छात्र संगठन का महत्व काफी बढ़ गया है। कॉलेज के छात्र जब देश-दुनिया में ऊंचे पदों पर जाते हैं, तो उससे संस्थान की ब्रांडिंग होती है। इसके अलावा यूजीसी और नैक एक्रीडिटेशन के मूल्यांकन में भी इस संगठन की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्राचार्य की पहल पर इस एसोसिएशन का निबंधन कराया गया था।

विशेष बात यह है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार वर्मा और सचिव राजीव रंजन शर्मा दोनों ही 1976 बैच के छात्र हैं और वर्ष 2026 इस बैच का गोल्डन जुबली ईयर 50वां वर्ष है। इसी ऐतिहासिक अवसर को ध्यान में रखते हुए पूरे उत्साह के साथ इस संगठन को सक्रिय किया गया है। महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र संगठन की गतिविधियों को और गति देने के लिए परिसर में इसके नए कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही छात्रों की सुविधा के लिए एसोसिएशन की ओर से लगवाए गए एक वाटर कूलर का भी उद्घाटन किया गया।सांसद सिग्रीवाल ने पूर्ववर्ती छात्रों के लिए एसोसिएशन के गठन और उसे कॉलेज परिसर में स्थान देने के लिए वर्तमान प्राचार्य और उनकी पूरी टीम की जमकर सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज के वर्तमान शिक्षक, कर्मचारी और पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित थे, जिन्होंने पुरानी यादों को ताजा किया और कॉलेज के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद के साथ एमएलएसी कॉलेज के प्राचार्य, विभिन्न विभागों के प्रोफेसर सहित टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ ने हिस्सा लिया।

## को-ऑपरेटिव कॉलेज फॉर्म भरने गई छात्रा लापता

**बेगूसराय, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के कल्याणपुर वार्ड संख्या 03 से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां को-ऑपरेटिव कॉलेज में बीए पार्ट-2 का फॉर्म भरने गई एक छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पीड़िता की पहचान कल्याणपुर निवासी अंशुमाली कुमार की पुत्री सिमरन कुमारी के रूप में हुई है। घटना को लेकर छात्रा की मां रेणु देवी ने साहेबपुरकमाल थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की आशंका जताते हुए लिखित आवेदन दिया है। सिमरन कुमारी गत 8 जून को सुबह करीब 9 बजे अपने घर से कॉलेज में फॉर्म जमा करने के लिए निकली थी। दिन में करीब 11 बजे मां रेणु देवी की अपनी पुत्री से मोबाइल पर बातचीत भी हुई थी। इसके बाद जब शाम 5 बजे दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो सिमरन का मोबाइल फोन स्विच ऑफ बताने लगा। पीड़िता की मां ने आशंका व्यक्त की है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गलत उद्देश्य से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सात लोगों से डीएम ने किया दैनिक साक्षात्कार

**सासाराम, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम कुल 7 आवेदन प्राप्त किया गया।जिसमें थाना अंचल - सूर्यपूरा, ग्राम- करमा के ग्रामीणों यथा - शशिभूषण सिंह, रुपेश कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, श्रीकांत सिंह एवं अन्य के द्वारा आम रास्ता रोकने से संबंधित शिकायत किया गया। जिसे शीघ्र जांच कर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज को निदेशित किया गया।आवेदक कृष्णा नन्द पाठक, पिता स्व. जगनारायण पाठक, ग्राम चितांव, थाना- दिनारा के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया। जिसे अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम को भेजा गया। आवेदक अखलाक अहमद रिजवी (महासचिव) मरकजी मुहर्रम कमेटी सासाराम के द्वारा मोहर्रम पर्व 2026 के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूसों के कार्यक्रम एवं इस अवसर पर विशेष प्रबंध किये जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिसे संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम तथा नगर आयुक्त सासाराम को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष आवेदन पत्रों को त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित कार्यालय / पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया।




### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार, दहशत फैलाने की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**दिनारा रोहतास, 11 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेज दिया।प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के परानपुर गांव में एक युवक द्वारा हथियार का भय दिखाकर लोगों के बीच दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए युवक को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी विरेंद्र पाण्डेय के पुत्र अरुण कुमार पाण्डेय के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद हथियार को जब्त कर लिया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में दिनारा थाना कांड संख्या 253/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### मानसून में नागरिकों को राहत देना सर्वोच्च प्राथमिकता: छपरा नगर आयुक्त

**सारण, 11 जून (तरुणमित्र)।** नगर निगम द्वारा मानसून के मद्देनजर शहर को जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। नगर आयुक्त रंजीत कुमार के निर्देशानुसार, नगर निगम चौक स्थित मुख्य नाले की सफाई अत्याधुनिक 'सुपर सकर' मशीन से की जा रही है। सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी के अनुसार नाले में भारी मात्रा में गाद, प्लास्टिक और ठोस कचरा जमा होने से पानी का बहाव रुक गया था। यह आधुनिक मशीन कम समय में गहराई से सिल्ट निकालकर नाले की जल निकासी क्षमता को बढ़ा रही है। नगर आयुक्त रंजीत कुमार ने अधिकारियों को सभी संवेदनशील और जलजमाव वाले क्षेत्रों की कड़ी निगरानी करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत सफाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। निगम की टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय है। नगर आयुक्त रणजीत कुमार का कहना है कि मानसून में जनता को राहत देना उसकी पहली प्राथमिकता है, जिसके लिए मानव संसाधन और मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके साथ ही नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नालों में कचरा न फेंकें और स्वच्छ एवं जलजमाव-मुक्त छपरा बनाने में सहयोग करें।

### सेंटरफ्रूट ने एक नए मजेदार कैंपेन के साथ 'कैसी जीभ लपलपाई' के जादू को लाया वापस

**सीतामढ़ी/दरभंगा , 11 जून (तरुणमित्र)।** परफेटी वैन मेल इंडिया के ब्रांड सेंटरफ्रूट ने अपने प्रतिष्ठित 'कैसी जीभ लपलपाई' प्लेटफॉर्म के तहत एक नई विज्ञापन फिल्म के साथ वापसी की है। पिछले साल के कैंपेन की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, जिसने सेंटरफ्रूट के लाजवाब स्वाद को फिर से स्थापित किया था, ब्रांड अब 'कैसी जीभ लपलपाई' की दुनिया को एक भारतीय शादी पर आधारित एक नई मजेदार कहानी के साथ आगे बढ़ा रहा है, जहां एक लाजवाब लपलप पल बहुत ही अनोखे तरीके से एक चोरी को पकड़ने में मदद करता है। इस कैंपेन के केंद्र में एक भारतीय शादी की पृष्ठभूमि पर बनी एक नई विज्ञापन फिल्म है। जब शादी के जश्न के बीच एक चोरी हो जाती है, तो पुलिस चोर की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का सहारा लेती है। इसके बाद क्लासिक सेंटरफ्रूट स्टाइल में एक नया मोड़ आता है। जैसे ही सेंटरफ्रूट फ्रेम में आता है, घटनाएं अविश्वसनीय गति से आगे बढ़ने लगती हैं, जिससे पुलिस फुटेज को फास्ट-फॉरवर्ड करके रिकॉर्ड समय में चोर को पकड़ लेती है। हास्य, अजीबो-गरीब हरकतों और क्लासिक सेंटरफ्रूट ट्विस्ट से भरपूर यह फिल्म ब्रांड की उस अनूठी क्षमता को जीवंत करती है जो ऐसे पल बनाती है जिन्हें रोकना नामुमकिन हो। कैंपेन के लॉन्च से पहले उत्साह बढ़ाने के लिए सेंटरफ्रूट ने टीवीसी लॉन्च से पहले ही भारत को 'लपलप' कराने के लिए कई नए प्री-बज कार्यक्रमों की शुरूआत की।

# पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल होगा कम,मार्च 2027 तक करें आवेदन

**बिक्रमगंज /रोहतास , 11 जून (तरुणमित्र)।** आम उपभोक्ताओं को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने और बिजली खर्च में राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है । इस योजना तहत उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं,बल्कि लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं । विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि यह योजना आम उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत ही लाभकारी होने के साथ-साथ भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी काफी महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सोलर संयंत्र लगाने पर आकर्षक अनुदान (सब्सिडी) उपलब्ध कराया जा रहा है,जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ काफी कम हो जाएगा । प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि मार्च 2027 निर्धारित की गई है ।इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें ।उन्होंने जानकारी दी कि योजना तहत 1 किलोवाट सोलर संयंत्र पर 30,000, 2 किलोवाट पर 60,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है ।इससे उपभोक्ता कम लागत में अपने घरों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे । उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए बैंकों द्वारा लगभग 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है ।ऋण भुगतान की अवधि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय की गई है । शहरी क्षेत्रों में ऋण की वसूली 4 से 5 वर्षों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जाएगी ।उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के आधार पर उपयुक्त क्षमता वाले सोलर संयंत्र का चयन कर सकते हैं ।150 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक खपत वालों के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर संयंत्र उपयुक्त माना गया है । उन्होंने कहा कि सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है । यदि बिजली उत्पादन उपभोक्ता की आवश्यकता से अधिक होता है,तो अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजित कराया जा सकता है । इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा ।

## वाहन ने ई रिक्शा में मारी ठोकर दो महिला समेत तीन घायल

**कोचस (रोहतास), 11 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के गोविंनापुर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर गुरुवार को अज्ञात पिकअप ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी जिसमें दो महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायलहो गए। घायलों में 60 वर्षीय वृद्ध महिला गौरी देवी व 25 वर्षीय पप्पू सिंह तथा उनकी पत्नी संतोषी कुमारी शामिल है, ये सभी ग्राम गोविंनापुर थाना कोचस के बताए गए हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि पप्पू सिंह अपने माता और पत्नी के साथ ई रिक्शा पर सवार हो कोचस निजी कार्य से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिसमें ई रिक्शा सड़क पर पलट गया और लोग बुरी तरह घायल हो गए, स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ विकास कुमार ने पप्पू सिंह के पैर हाथ चेहरे और सर में गंभीर चोट आने की वजह से बेहतर इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को रसायनमुक्त कृषि के प्रति जागरूकता अभियान

**बिक्रमगंज /रोहतास, 11 जून (तरुणमित्र)।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को रसायनमुक्त कृषि के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी 18 जून को कृषि विज्ञान केंद्र (केविके) बिक्रमगंज के धनगाई स्थित शैक्षणिक प्रक्षेत्र में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा ।

यह कार्यशाला अपराह्न 11 बजे से प्रारंभ होगी । कार्यक्रम का आयोजन निदेशक बामेती बिहार पटना के पत्रांक 171/बामेती/2026/1706 दिनांक 6 जून 2026 के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा रोहतास के निर्देश पर किया जा रहा है । कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान, कृषि विशेषज्ञ,कृषि विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग भाग लेंगे । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व,इसके आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के उपायों की विस्तृत जानकारी देना है । साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा,जिससे खेती की लागत घटे और मिट्टी की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य का भी संरक्षण हो सके ।केविके बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार जलज ने बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता बन चुकी है । यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को भी मजबूत करती है । उन्होंने जिले के अधिक से अधिक किसानों से कार्यशाला में भाग लेकर प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों और लाभों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दो घर जलकर हुआ राख चरवाही करने के लिए लिये गए 40 हजार रुपया भी जला

**कोचस (रोहतास), 11 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुछिला गांव में बीती रात दो घरों में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें दोनों घर में कुल 50 हजार रुपए नगद के साथ खाने पीने तथा पहनने के कपड़े सहित अन्य सामान जलकर लाखों रुपए का नुकसान हो गया।इसकी जानकारी देते हुए कुछिला पंचायत के मुखिया दामोदर सिंह ने बताया कि बीती रात विद्युत शार्ट सर्किट से गांव के सुनील राम और जवाहर राम के घर आग लग गई जिसमें सब कुछ जलकर राख हो गया, सुनील राम के घर में लगी आग मे 10 हजार रुपए कैश के साथ खाने का अनाज मोबाइल, बर्तन, बिछावन, पहनने के कपड़े, जरूरी के कागजात के साथ आसियाना भी जल कर राख हो गया। जबकि जवाहर राम के घर मे चरवाही करने के लिए गए 40 हजार के साथ कपड़ा, अनाज, बर्तन, बिछावन, मवेशी चारा, जरूरी के कागजात सहित अन्य सामान जल कर राख हो गया है। वही पीड़ित परिवार ने आगजनी मे सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजे की मांग की है। बताया जाता है कि दोनों बहुत गरीब परिवार से आते है और फुश की बनी हुई झोपड़ी में अपने जीवपार्जन कर रहे थे, अब घर जलने के बाद बस खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर है। वही कोचस अंचला अधिकारी विनीत व्यास ने बताया कि पीड़ित परिवारों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है घटना स्थल पर पहुंच जांच कर ली गई है, सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजे पीड़ित परिवार को प्रदान की जाएगी।

## विभिन्न मांगो के को लेकर 23 को जिले के प्रखंडों में प्रदर्शन करेगी भाकपा-माले

**बिक्रमगंज रोहतास, 11 जून (तरुणमित्र)।** दाम बांधो-काम दो,काम का उचित दाम दो,बटाईदार किसानों को पहचान पत्र दो किसानों उर्वरक (खाद) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराओ के तहत 23 जून को प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा।

भाकपा-माले-अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा का एकदिवसीय बैठक गुरुवार को बिक्रमगंज प्रखंड के कुसुम्हरा में सम्पन्न हुई.बैठक में भाजपा के बुल्डोजर राज,दाम बांधो-काम दो,नफरत-हिंसा महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ जन अधिकार,अमन-इंसाफ के सवाल पर व्यापक जन आंदोलन खेग्रामस के नेतृत्व में संगठित करने का निर्णय लिया गया.और खेतों की समुचित सिंचाई,उर्वरक,बीज,







किटनाशक की पर्याप्त उपलब्धता,सिंचाई योग्य किसानों की भूमि अधिग्रह करने के सवाल पर अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया.23 जून को रोहतास जिला के सभी प्रखंडों पर अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा व अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया.बैठक को जिला भाकपा-माले जिला सचिव जवाहरलाल सिंह,विधायक अरुण सिंह,खेग्रामस जिला सचिव कृष्णा मेहता, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव जयविजय तिवारी ने बैठक को संबोधित किया।

# कर्तव्य, अनुशासन और नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं आईजी विकास वैभव : डॉ. निर्मल कुशवाहा

**डेहरी ओन सोन, 11 जून (तरुणमित्र)।** जदयू के वरिष्ठ नेता एवं शाहाबाद क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आईजी विकास वैभव कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और प्रभावी नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं तथा समाज की सुरक्षा और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

डॉ. कुशवाहा ने कहा कि विकास वैभव द्वारा संचालित अभियान ने बिहार ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को प्रेरणा और सकारात्मक बदलाव के लिए एक मंच प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि विकास वैभव की पहल पर संचालित ₹गार्गी पाठशाला₹ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। वर्तमान में राज्य के 19 जिलों में 37 निःशुल्क




शिक्षा केंद्र संचालित हैं, जो एक शिक्षित, जागरूक और सशक्त बिहार के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।डॉ. कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है और इस दिशा में विकास वैभव का योगदान प्रेरणादायी है। उन्होंने लोगों से इस मुहिम को और व्यापक बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।उन्होंने बताया कि गया स्थित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए पहुंचे थे।

जनसुनवाई में आईजी विकास वैभव ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।डॉ. कुशवाहा ने कहा कि विकास वैभव के निर्देश पर विभिन्न थानों में ₹लोक संवाद गोष्ठी₹ का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है।उन्होंने विकास वैभव के रोहतास जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में किए गए कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रोहतास किला पर तिरंगा फहराने, सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में सोन महोत्सव के आयोजन तथा समाज के भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे अनेक कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व के उदाहरण हैं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि एक समय उग्रवाद प्रभावित रहे रोहतास जिले को नक्सलवाद से मुक्त बनाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।उन्होंने कहा कि विकास वैभव का मूल सिद्धांत रहा है कि ₹दोषी कभी बचे नहीं और निर्दोष कभी फंसे नहीं₹, यही सोच उन्हें एक संवेदनशील, जनोन्मुखी और प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज और प्रशासन के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत होगा।

## 14 एवं 17 जून को सिपाही के पद पर चयन को प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त कराई जाएगी - जिला प्रशासन

**मोतिहारी, 11 जून (तरुणमित्र)।**अध्यक्ष, केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) एवं परिवहन विभाग में सिपाही के पद पर चयन हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 14.06.2026 एवं 17.06.2026 को जिला में निर्धारित है।

परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि सिपाही के पद पर चयन हेतु जिला में कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों दिन की परीक्षा दो-दो पालियों में ली जाएगी जिसमें प्रत्येक पाली की परीक्षा में 8736 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली की परीक्षा 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्यान्ह तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

अपर समाहर्ता के द्वारा इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया और कहा गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें।

परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 07:00 बजे पूर्वाह्न में एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रथम पाली के लिए 08:00 बजे पूर्वाह्न से कराया जाएगा और 09:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को अपराह्न 1:00 बजे से परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति होगी परंतु अपराह्न 2:00 बजे के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों का तीन लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। तीसरे चरण की फ्रीस्किन परीक्षा कक्ष में कराई जाएगी। परीक्षार्थी केवल परीक्षा का प्रवेश पत्र साथ प्रवेश करेंगे। उन्हें पेन अथवा पेंसिल भी ले जाने की अनुमति नहीं है। पेन परीक्षा कक्ष में ही उपलब्ध कराया जाएगा

संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# आरक्षी भर्ती अभ्यर्थियों को मिला भोजन और ठहरने का सहारा

## नगर पालिका ने परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराईं सभी जरूरी सुविधाएं



**कुशीनगर, 11 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विभिन्न जनपदों एवं दूर दराज क्षेत्रों से आए अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल द्वारा जलकल भवन स्थित रैन बसेरा में भोजन, पेयजल एवं ठहरने की समुचित व्यवस्था कराई गई। नगर पालिका प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना था, ताकि वे बिना किसी परेशानी के पूर्ण मनोयोग से परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

रैन बसेरा में इस दौरान अभ्यर्थियों के रहने, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे बाहर से आए परीक्षार्थियों को काफी राहत मिली। इस अवसर पर प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने स्वयं बागडोर संभालते हुए रैन बसेरा पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा उपस्थित परीक्षार्थियों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद पडरौना जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए निरंतर कार्य कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले युवा देश और समाज का भविष्य हैं, इसलिए उनकी सुविधा एवं सहयोग के लिए नगर पालिका प्रशासन सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनय जायसवाल जी के नेतृत्व में नगर में जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भोजन, पेयजल, विश्राम एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षार्थियों ने नगर पालिका परिषद पडरौना द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि अपरिचित नगर में इस प्रकार की अप्रत्याशित एवं व्यवस्थित सुविधा मिलने से उन्हें काफी सहायता मिली और परीक्षा को लेकर उनकी चिंताएं भी कम हुईं।

नगर पालिका परिषद पडरौना द्वारा सभी अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर रितेश जायसवाल रामु पाण्डेय संदीप चौहान अनूप गोंड राजेश मद्धेशिया संतोष चौहान गौरव रौनियार सूरज कुशवाहा आकाश वर्मा धर्मेंद्र शुक्ला अभिनव सिंह अनिल पांडेय सहित नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक आयोजित



**संत कबीर नगर , 11 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में ₹जिला पुस्तकालय समिति₹ की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय के विकास, उन्नयन, संवर्धन एवं और अधिक लोकप्रिय/उपयोगी बनाने के बिंदुओं पर निर्धारित एजेंडा के अनुसार विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय पर वाउंड्रीवाल एवं गेट की व्यवस्था के लिए निदेशालय पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया। राजकीय जिला पुस्तकालय के रीडिंग कक्ष में ए.सी की व्यवस्था के लिए निदेनेशालय पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय में बढ़ती सख्या हेतु फर्नीचर (मेज/कुर्सी) की व्यवस्था के लिए निदेशालय पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। राजकीय जिला पुस्तकालय में समाचार पत्रिका, दैनिक समाचार पत्रिका, मासिक पत्रिका, वार्षिक पत्रिका, करेंट अफेयरर्स, दैनिक जागरण एवं द हिन्दू आदि माँगाने के लिए इनके सम्पादन का पत्र भेजा जाये की वे निःशुल्क पत्रिका उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि पुस्तकालयाध्यक्ष स्वयं समन्वय स्थापित करके अधिकारियों का समय लेकर कैरियर काउंसलिंग एवं तनाव प्रबंधन का कार्यक्रम करायें। उन्होंने कहा कि पाठकों की डिमांड के अनुसार प्रतियोगि परीक्षाओं हेतु उपयोगी पुस्तकों की सूची (नाम, प्रकाशन, मूल्य) तैयार करके उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय में छायादार वृक्ष/बायो फेन्सिग की व्यवस्था के लिये उऩ्रह्र को पत्र भेजना का निर्देश दिया गया। पाठकों की सुविधा हेतु इनवर्टर, सेल्फ इन्सिरेटर / सेनेटरी पैड, वेडिंग मशीन एवं जन जागरुकता हेतु कार्यकमो के आयोजन के लिए उरफ के माध्यम से व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। नगर पालिका के समन्वय से नियमित रुप से साफ-सफाई की व्यवस्था का निर्देश दिया गया तथा राजकीय जिला पुस्तकालय में साईकिल स्टेंड हेतु टिन सेड की व्यवस्था उरफके माध्यम से व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**संत कबीर नगर, 11 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह* के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बखिरा उमाशंकर त्रिपाठी* के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त नाम पता 01. नईम असरफ उर्फ कामरान असरफ पुत्र समीम अहमद निवासी लेडुआ महुआ थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को आज दिनाँक 11.06.2026 को मंगल बाजार ठाकुर मंदिर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि दिनाँक 05.06.2026 को वादी श्याम कुमार पुत्र स्व० झीनक प्रसाद गुप्ता निवासी मोहल्ला ठठहिया मो० बखिरा थाना बखिरा सन्तकबीरनगर द्वारा थाना बखिरा पर अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वादी के ऊपर लोहे की राड, पंच व धारदार हथियार से जान मारने की नीयत से हमला करने, जिससे वादी के अचेत हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त को आज दिनांक 11.06.2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

### आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने का अभियान तेज, 35 निराश्रित पशु पकड़े गए

**रुद्रपुर, देवरिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** पिड़्रा गांव में आवारा सांड के हमले में एक किसान की मौत के बाद स्थानीय प्रशासन ने निराश्रित पशुओं के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को विकासखंड रुद्रपुर के खंड विकास अधिकारी एजाज अहमद की मौजूदगी में 35 निराश्रित पशुओं को पकड़कर पिपरा चंद्रभान गौशाला भेजा गया।इस अभियान में विकासखंड के सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग के कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। पशुपालन विभाग रुद्रपुर के चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट की निगरानी में पशुओं को सुरक्षित तरीके से गौशाला भेजा गया।प्रशासन ने कैटिल कैचर वाहन की सहायता से आवारा पशुओं को पकड़वाया। सचिवों द्वारा सात वाहनों की व्यवस्था कर पशुओं को पिपरा चंद्रभान गौशाला पहुंचाया गया। अभियान के दौरान बीडीओ एजाज अहमद के साथ सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास वीरेंद्र प्रकाश मिश्रा, दीनानाथ प्रजापति, डॉ. बी.के. पटेल तथा कई ग्राम पंचायत सचिव और कर्मचारी मौजूद रहे।सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास वीरेंद्र प्रकाश मिश्रा ने बताया कि निराश्रित पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विकासखंड क्षेत्र को आवारा पशुओं से मुक्त करना प्रशासन का लक्ष्य है। जब तक सभी निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में नहीं पहुंचा दिया जाता, तब तक अभियान निरंतर चलता रहेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से किसानों और ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है।

### लालू समतावादी आंदोलन के पर्याय: चंद्रभूषण

**देवरिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर गोष्ठी एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने लालू प्रसाद यादव के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा देने में लालू प्रसाद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अनेक राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और हमेशा वंचित समाज की आवाज बुलंद की।उन्होंने कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों को लेकर चले आंदोलन से लेकर बिहार एवं उत्तर भारत में सामंतवादी सोच के खिलाफ संघर्ष करने तक लालू प्रसाद यादव ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए लगातार कार्य किया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव समतावादी आंदोलन के पर्याय हैं।कार्यक्रम में सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, नगीना यादव, अमित टुनटुन यादव, श्यामराज कन्नौजिया, गोकुला यादव, उत्तिम यादव, वीरेंद्र धरकार, जंगी गोंड, हफीज अंसारी और दयानंद यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाने प्रबुद्धजनों से मिले भाजपाई



**देवरिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष संपर्क अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका एवं राष्ट्रधर्म पत्रिका भेंट की गई। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने सुशासन, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गईं, जिससे देश की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर बढ़ी है।अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे से जुड़े सुधार हुए हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, जीएसटी लागू करने, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक की प्रथा समाप्त करने और राम मंदिर निर्माण जैसे फैसलों को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया।कार्यक्रम में अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, विजय कुशवाहा, गोविंद सिंह, प्रभात रंजन मणि, देवेंद्र कुमार, वीरेंद्र पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हत्या व पॉक्सो के आरोपी गिरफ्तार, 72 वाहनों का चालान

**देवरिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस ने अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गुरुवार को अलग-अलग अभियानों में महत्वपूर्ण कार्रवाई की। हत्या और पॉक्सो एक्ट के मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

थाना लार पुलिस ने वर्ष 2024 के चर्चित हत्या प्रकरण में वांछित आरोपी दीपक यादव उर्फ सोकन को चनुकी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना लार में हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।वहीं थाना तरकुलवा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित प्रदीप भारती उर्फ नीरज को पकड़ी बाबू नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

आरोपी पर नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने बताया कि संबंधित पीड़िता को छह जून को ही सकुशल बरामद कर लिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले की कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र के बस स्टैंड, हनुमान मंदिर और कसया ओवरब्रिज के आसपास विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा बिना फिटनेस वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 72 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया।

पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार जारी रहेंगे।

# मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश

**देवरिया , 11 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। बैठक में मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध दवा, इलाज, उपकरण, मानव संसाधन तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए।उन्होंने कहा कि स्वीकृत पदों के अनुरूप चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाए, जिससे चिकित्सा सेवाएं और अधिक प्रभावी बन सकें। साथ ही अस्पताल में आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा उपचार व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने कुछ प्रशासनिक एवं तकनीकी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल शासन स्तर पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान की पहल की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियां तेज, डीएम ने विभागों को सौंपे दायित्व



**कुशीनगर, 11 जून (तरुणमित्र)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 जून से 21 जून, 2026 तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में स्पष्ट आदेश पत्र समय से जारी किए जाएं, ताकि प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य जनपदीय कार्यक्रम महात्मा बुद्ध स्थली पर भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की गरिमा एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्य आयोजन से पूर्व एक और समन्वय बैठक आयोजित कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर ली जाए। साथ ही जनपद की विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वयंसेवी एवं अन्य संस्थाओं को योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता हेतु समय से आमंत्रित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप पूर्व तैयारी पूर्ण कर लें तथा सौंपे गए कार्यों का पूर्ण निष्ठा, समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें, जिससे योग दिवस के आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया जा सके।

# बालगृह का जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**देवरिया , 11 जून (तरुणमित्र)।** जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने गुरुवार को बालगृह (बालक) का निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था तथा आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, दैनिक दिनचर्या तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बच्चों की कॉपियां देखकर उनकी शैक्षिक प्रगति के बारे में जानकारी ली और लिखे गए विषयों पर उनसे प्रश्न भी किए।अधिकारियों ने बालगृह में भोजन, बिस्तर, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बालगृह अधीक्षक को निर्देश दिया कि बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं और उनकी शिक्षा तथा सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि बालगृह में रहने वाले बच्चों को सुरक्षित एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एसीजीएम, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह, बालगृह अधीक्षक राम कृपाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज, 11 जून (तरुणमित्र)।** त्रिवेणी क्लब ने न्यू सेंट्रल क्लब को दो रन से हराकर शुआट्स टैलेंट हंट अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नैनी के मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में त्रिवेणी क्लब ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 121 रन (भृगु राज सिंह 25, वेदांश यादव 22, रुद्रपाल 15, सचिन कुमार 2-05, आयुष, शिखर त्रिपाठी व कार्तिकेय कुमार एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में न्यू सेंटर क्लब की टीम 24.4 ओवर में 119 रन (लव सिंह 27, शिखर त्रिपाठी 15, समर्थ 2-22, अंकुश त्रिपाठी 2-17, रूद्र पाल, हिमांशु यादव, युवराज व अंश एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

# जिला कारागार व बाल गृह का संयुक्त निरीक्षण



**देवरिया, 11 जून (तरुणमित्र)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने गुरुवार को जिला कारागार और राजकीय बाल गृह का संयुक्त निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, साफ-सफाई, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और आवासीय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार की बैरकों, चिकित्सालय, रसोईघर, मुलाकात कक्ष तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और कारागार प्रशासन को सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ शासन के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।इसके बाद अधिकारियों ने राजकीय बाल गृह पहुंचकर बच्चों के रहने, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और मनोरंजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त की। अधिकारियों ने बाल गृह प्रशासन को बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।संयुक्त निरीक्षण का उद्देश्य कारागार और बाल गृह में रह रहे लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# मोहर्रम पर्व की तैयारियों के संबंध में ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित

**संत कबीर नगर, 11 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा आज दिनांक 10.06.2026 को लंबित विवेचनाओं, जनसुनवाई प्रकरणों, यक्ष ऐप, ई-साक्ष्य तथा आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों की समीक्षा हेतु ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी, प्रभारी एलआईयू, प्रभारी एफएसओ, प्रभारी यातायात, प्रभारी डायल-112, आरआई लाइन तथा प्रभारी डीसीआर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने, जनसुनवाई से संबंधित प्रार्थना पत्रों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करने, यक्ष ऐप एवं ई-साक्ष्य (रक्ऊ) पोर्टल पर लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों की पहचान, प्रभावी पुलिस गश्त, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# कल्याणकारी शिविर में लाभार्थियों को मिले स्वीकृति प्रमाण पत्र

**देवरिया , 11 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ अभियान के अंतर्गत तहसील भाटपार रानी में एक विशेष कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित इस शिविर में सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से शादी अनुदान योजना के 20 लाभार्थियों और छात्रवृत्ति योजना के 30 छात्र-छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया तथा पात्रता संबंधी जानकारी भी दी।मुख्य अतिथि राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार समाज के गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित



**संत कबीर नगर, 11 जून (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में'सैनिक बन्धु बैठक का सफल आयोजन वीर चक्र सिपाही सत्यवान सिंह सभागार में किया गया। बैठक के प्रारंभ में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल राम प्रकाश मिश्र (अ०प्रा०) द्वारा बैठक के अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), बंदोबस्त अधिकारी (चकबन्दी), अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) खलीलाबाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित उपस्थित समस्त अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं वीर नारियों का औपचारिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान 25 मई 2026 को संपन्न हुई विगत बैठक की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जिलाधिकारीके सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति आभार प्रकट किया।बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया गया तथा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।कर्नल राम प्रकाश मिश्र (अ०प्रा०) ने जिला अस्पताल में पूर्व सैनिकों के लिए अलग काउंटर की लंबित मांग को पूर्ण करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी (उटड) के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।पूर्व सैनिक ऋषिकेश की समस्या को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए, अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी (खलीलाबाद) को 15 दिनों के भीतर इसका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वयोवृद्ध पूर्व सैनिक कपिलदेव तिवारी के प्रकरण में 'पत्थर नसब (सीमांकन) में हुई लेटलतीफी पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।पूर्व सैनिक रमाकांत के भूमि पैमाइश मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित कानूनगो को समस्त दस्तावेजों के साथ तत्काल तलब किया गया।बैठक में उपस्थित बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ने पूर्व सैनिकों के चकबंदी से संबंधित दोनों मामलों में प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

भूतपूर्व सैनिक अतुल कुमार सिंह के साथ हुई धोखाधड़ी के प्रकरण में अपर जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी (मेंहदावल) को तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों को पूर्णतः आश्वस्त किया।

# भारत में जन्मे निखिल चौधरी को ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में पहली बार मौका, ट्रैविस हेड की लेंगे जगह



**नई दिल्ली।** भारत में जन्मे और वर्तमान में तस्मानिया तथा होबार्ट हरिकेन्स के लिए खेलने वाले लेग स्पिन ऑलराउंडर निखिल चौधरी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें आराम दिए गए ट्रैविस हेड के स्थान पर टीम में जगह मिली है। इससे पहले 30 वर्षीय निखिल चौधरी भारत में पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं।

उन्होंने 2017 से 2019 के बीच पंजाब के लिए 12 टी-20 और दो लिस्ट-ए मुकाबले खेले थे।

निखिल वर्ष 2020 में अपने चाचा से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे। इसी दौरान कोविड महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय सीमाएँ बंद हो गईं और वह वहीं रह गए। फिलहाल उनके पास 2027 तक वैध अस्थायी वीजा है। उनके पास अभी स्थायी निवास या ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता नहीं है, लेकिन आईसीसी नियमों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में पाँच वर्ष रहने के कारण वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के पात्र हो गए।

ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने ग्रेड क्रिकेट से अपनी पहचान बनाई। इसके बाद तत्कालीन हरिकेन्स गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स की नजर उन पर पड़ी और उन्हें होबार्ट हरिकेन्स से अनुबंध मिला। निखिल ने पिछले तीन सत्रों में बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन किया। 2024-25 सीजन में हरिकेन्स को खिताब दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके बाद उन्होंने तस्मानिया के लिए लिस्ट-ए और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया, जहाँ उन्होंने शेफील्ड शील्ड में अपना पहला शतक भी लगाया और पहली बार पाँच विकेट लेने का कारनामा किया। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि निखिल काफी समय से राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की नजर में थे। उन्होंने कहा, 'निखिल लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं का हिस्सा रहे हैं।'

उन्होंने ब्रिस्बेन में प्री-सीजन शिविरों के दौरान टीम के साथ अभ्यास किया था। बिग बैश लीग में उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और अब उन्हें टीम में मौका दिया गया है।' उन्होंने यह भी बताया कि निखिल इस वर्ष आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के साथ भी जुड़े रहे हैं।

भारत में जन्म लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले निखिल पहले खिलाड़ी नहीं होंगे। इससे पहले लेग स्पिनर रेक्स सेलर्स ने 1964 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। वहीं महिला क्रिकेट में पूर्व कप्तान लिसा स्थालेकर, जिनका जन्म पुणे में हुआ था, ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि बांग्लादेश दौरे पर निखिल अंतरराष्ट्रीय माहौल का अनुभव हासिल करेंगे और अगले सप्ताह होने वाले पहले टी-20 मुकाबले में चयन के दावेदार रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि कप्तान मिशेल मार्श भी टखने की चोट से उबरकर टी-20 श्रृंखला तक फिट हो जाएंगे। टी-20 टीम में जोश्ल डेविस, टिम डेविड, स्पेंसर जॉनसन, जोश फिलिप और एरॉन हार्डी जैसे खिलाड़ियों की भी वापसी हुई है।

# विश्व कप से पहले इंग्लैंड, पुर्तगाल और अल्जीरिया की अंतिम अभ्यास मैचों में जीत के साथ तैयारियां पूरी



**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप से पहले खेले गए अंतिम अभ्यास मुकाबलों में इंग्लैंड, पुर्तगाल और अल्जीरिया ने जीत दर्ज कर अपनी तैयारियों को मजबूत किया। तीनों टीमों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट से पहले आत्मविश्वास हासिल किया। इंग्लैंड ने अमेरिका के फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में खेले गए मुकाबले में कोस्टा रिका को 3-0 से हराया। खराब मौसम के कारण मैच की शुरुआत एक घंटे देरी से हुई, लेकिन इंग्लैंड ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा।

नौवें मिनट में डेक्लान राइस ने एंथनी गॉर्डन के पास पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में गॉर्डन ने पेनाल्टी पर गोल दागा, जबकि मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले ओली वॉटकिंस ने तीसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। यह इंग्लैंड की पिछले दस मैत्री मैचों में चौथी जीत रही। अब टीम अपने ग्रुप एल के पहले मुकाबले में क्रोएशिया से भिड़ेगी।

पुर्तगाल ने लीरिया में नाइजीरिया को 2-1 से हराया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पूरे पहले हाफ में सक्रिय रहे, हालांकि वह गोल नहीं कर सके। मैच के 23वें मिनट में पेड्रो नेटो ने डियोगो डालोट के पास पर गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिलाई।

नाइजीरिया ने पहले हाफ के अंत से पहले बराबरी कर ली, लेकिन 75वें मिनट में फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के शानदार कर्लिंग शॉट ने पुर्तगाल को जीत दिला दी। इस जीत के साथ रॉबर्टो मार्टिनेज की टीम ने लगातार पांचवां मैच बिना हार के पूरा किया।

अल्जीरिया ने दिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए बोलिविया को 4-0 से हराया। बंद दरवाजों के पीछे खेले गए इस मुकाबले में ऐसा मांडी ने हाफ टाइम से ठीक पहले पहला गोल किया। दूसरे हाफ में अल्जीरिया पूरी तरह हावी रहा। अमीन गुइरी ने दो मिनट के भीतर दो गोल किए, और फिर अनीस हदज मूसा ने चौथा गोल दागकर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। अब सभी अभ्यास मुकाबले समाप्त हो चुके हैं और ध्यान फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण पर केंद्रित हो गया है। 48 टीमों वाला यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट सह-मेजबान मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच उद्घाटन मुकाबले से शुरू होगा।

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 पुरुष टीम घोषित, यशबर्धन सिंह चौहान होंगे कप्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 पुरुष टीम की गुरुवार को घोषणा कर दी। इस दौरे में भारतीय टीम तीन एकदिवसीय और दो बहु-दिवसीय मुकाबले खेलेगी।

यशबर्धन सिंह चौहान को दोनों प्रारूपों के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि लक्ष्य रायचंदानी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। दौरे के सभी एकदिवसीय मुकाबले हम्बनटोटा में खेले जाएंगे, जबकि बहु-दिवसीय मैच गॉल और कोलंबो में आयोजित होंगे। यह दौरा युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने और भविष्य की भारतीय टीम के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

**भारतीय अंडर-19 पुरुष वनडे टीम**

सागर वीरक, लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), यशबर्धन सिंह चौहान (कप्तान), विनीत वी.के., अर्जुन राजपूत, कुशाग्र ओझा, रजत बघेल (विकेटकीपर), अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), अनमोलजीत सिंह, युटकरी यशवीर गौड़, रोहित अनिल यादव, शाविन वी., काव्या परेश पटेल, मोहित उलवा, ईशान सूद।

**भारत अंडर-19 पुरुष बहु-दिवसीय टीम-** सागर वीरक, लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), यशबर्धन सिंह चौहान (कप्तान), पटेल कुश, मनल चौहान, कुशाग्र ओझा, मानव कृष्ण (विकेटकीपर), आर्यन संदेश सकपाल (विकेटकीपर), हेमचुदेशन जे., बीके किशोर, रोहित अनिल यादव, काव्या परेश पटेल, प्रियांशु सिंह, प्रणव राघवेंद्र, चिगुरुपति वेंकट।

भारत अंडर-19 पुरुष श्रीलंका दौरा- कार्यक्रम- 4 जुलाई 2026- पहला वनडे, हम्बनटोटा 6 जुलाई 2026- दूसरा वनडे, हम्बनटोटा 9 जुलाई 2026- तीसरा वनडे, हम्बनटोटा 13-16 जुलाई 2026- पहला बहु-दिवसीय मैच, गॉल 20-23 जुलाई 2026- दूसरा बहु-दिवसीय मैच, कोलंबो

## भारतीय एथलेटिक्स महासंघ 20 जून को करेगा पहले 'इंडियन एथलेटिक अवॉर्ड्स' का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 20 जून को नई दिल्ली में पहली बार इंडियन एथलेटिक अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य भारतीय एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और खेल के विकास में योगदान देने वाले सभी प्रमुख हितधारकों को सम्मानित करना है।

यह पुरस्कार समारोह भारतीय एथलेटिक्स की उपलब्धियों का उत्सव होगा, जिसमें वर्तमान और पूर्व खिलाड़ी, कोच, तकनीकी अधिकारी, मार्गदर्शक, राज्य संघ, प्रायोजक और खेल को आगे बढ़ाने वाले अन्य सहयोगियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में देश के कई प्रमुख वर्तमान और पूर्व एथलीट शामिल होने की संभावना है।

# श्रीलंका सीरीज के लिए भारतीय महिला अंडर-19 टीम घोषित, भविका अहिरे को मिली कप्तानी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला अंडर-19 टीम के चयनकर्ताओं ने गुरुवार को भारत दौरे पर आने वाली श्रीलंका महिला अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए भारतीय टीमों की घोषणा कर दी है। इस दौरे में तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे।

दोनों प्रारूपों में विकेटकीपर बल्लेबाज भविका अहिरे को कप्तान बनाया गया है, जबकि महक नरवसे को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टी20 और एकदिवसीय टीमों में अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, हालांकि एकदिवसीय टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। यह श्रृंखला युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मानी जा रही है।

**भारतीय महिला अंडर-19 टी20 टीम**

भविका अहिरे (कप्तान, विकेटकीपर), इरा जाधव, तनिष्का शर्मा, ईश्वरी आवसरे, अवनी चावड़ा, माहतो निधि, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कांडिकुप्पा, मणियार मैत्री, गौरी गोयल, जानवी विकार, अनादी टागड़े, के दीक्षा (विकेटकीपर)।

**भारतीय महिला अंडर-19 एकदिवसीय टीम...**

भविका अहिरे (कप्तान, विकेटकीपर), इरा जाधव, दीया यादव, ईश्वरी आवसरे, वी प्रतीक्षा, माहतो निधि, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कांडिकुप्पा, विधि परमार, गौरी गोयल, जानवी विकार, अनादी टागड़े, के दीक्षा (विकेटकीपर)।

**भारत में श्रीलंका महिला अंडर-19 दौरे का कार्यक्रम**

**टी20 श्रृंखला- चेन्नई**

22 जून – पहला टी20 – दोपहर 1:00 बजे

24 जून – दूसरा टी20 – दोपहर 1:00 बजे

27 जून – तीसरा टी20 – दोपहर 1:00 बजे

**एकदिवसीय श्रृंखला - पुडुचेरी**

30 जून – पहला मैच – सुबह 9:00 बजे

3 जुलाई – दूसरा मैच – सुबह 9:00 बजे

6 जुलाई – तीसरा मैच – दोपहर 2:00 बजे

भारत की युवा टीम इस घरेलू श्रृंखला में मजबूत प्रदर्शन के साथ भविष्य की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के लिए तैयारी करना चाहेगी।



# भारत के लेबर मार्केट सुधारों के लिए 4 लेबर कोड और डिजिटल प्लेटफॉर्म अहम : करंदलाजे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने जिनेवा में 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में भारत के श्रम सुधारों, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर प्रकाश डाला। साथ ही करंदलाजे ने रवांडा की लोक सेवा एवं श्रम मंत्री क्रिस्टीन नकुलिकियिंका के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। शोभा करंदलाजे ने 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने 'अंत्योदय' के सिद्धांत के अनुरूप व्यापक श्रम सुधार किए हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित किया गया है, ताकि अनुपालन को सरल बनाया जा सके, श्रमिकों के कल्याण को मजबूत किया जा सके और एक आधुनिक तथा पारदर्शी श्रम परितंत्र का निर्माण किया जा सके।

करंदलाजे ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन के आयोजन पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन को बधाई दी और तेजी से हो रहे वैश्विक परिवर्तनों के बीच सामाजिक न्याय और सम्मानजनक कार्य को बढ़ावा देने में इसके नेतृत्व की सराहना की।

इस दौरान शोभा करंदलाजे ने रवांडा की लोक सेवा एवं श्रम मंत्री क्रिस्टीन नकुलिकियिंका के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।

साथ ही उन्होंने श्रीलंका के श्रम मंत्री अनिल जयंत फर्नांडो के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। इस दौरान श्रीलंका ने भारत के श्रम सुधारों में गहरी रुचि दिखाई और चार नए श्रम कानूनों के सफल कार्यान्वयन पर जानकारी ली।

# केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर दरें बढ़ाई, नई दरें आज से प्रभावी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के दो प्रमुख बैंकों केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी सीमांत लागत आधारित उधारी दर (एमसीएलआर) में 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी की है। दोनों की नई एमसीएलआर दरें 12 जून से प्रभावी होंगी।

केनरा बैंक ने गुरुवार को जानकारी दी कि 24 घंटे के लिए एमसीएलआर बढ़कर अब 7.95 फीसदी, 1 महीना के लिए 8 फीसदी, 3 महीने के लिए 8.25 फीसदी, 6 महीने के लिए 8.60 फीसदी, 1 साल के लिए 8.75 फीसदी (कोई बदलाव नहीं), 2 साल के लिए 9.00 फीसदी और 3 साल के लिए 9.05 फीसदी हो जाएगा।

एमसीएलआर की दरों में बढ़ोतरी के बाद ग्राहकों के लिए कर्ज लेना और महंगा हो जाएगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कुछ अवधि की एमसीएलआर की दरों में 0.05 फीसदी बढ़ोतरी की है।

बैंक के अनुसार एमसीएलआर की दर 7.80 फीसदी से बढ़कर अब 7.85 फीसदी हो जाएगी। 24 घंटे के लिए एमसीएलआर अब 7.85 फीसदी, एक महीना के लिए 7.95 फीसदी, 3 महीने के लिए 8.20 फीसदी, 6 महीने के लिए 8.50 फीसदी और 1 साल के लिए 8.75 फीसदी हो जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के एमसीएलआर दर में वृद्धि से होम लोन, ऑटो लोन और अन्य फ्लोटिंग रेट वाले लोन की ब्याज दरों पर असर पड़ सकता है।

**क्या होता है एमसीएलआर:** एमसीएलआर वह आधार दर होती है, जिस पर बैंक अपने अधिकांश लोन की ब्याज दर तय करते हैं। इन बैंकों के फैसले का असर ग्राहकों के आवासीय ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋण की मासिक किस्तों पर पड़ सकता है।

केनरा और बैंक ऑफ बड़ौदा ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में लगातार दूसरी बार कोई बदलाव नहीं किया। फिलहाल रेपो रेट 5.25 फीसदी पर स्थिर बनी हुई है।

# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। सेंसेक्स निचले स्तर से 875 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 255 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। हालांकि दोपहर एक बजे के बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से ये दोनों सूचकांक अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में पहुंच गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, मीडिया और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों की खरीदारी होती रही। दूसरी ओर, आईटी, रियल्टी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों की लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 452.57 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 454.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.41 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,389 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,384 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,807 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 198 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,998 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 772 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2226 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर बढ़त के साथ और 21 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 367.19 अंक की कमजोरी के साथ 73,615.99 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक 464.43 अंक की गिरावट के साथ 73,518.75 अंक के स्तर तक चला गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स की चाल में सुधार होने लगा।

लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से दोपहर एक बजे के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक निचले स्तर से 875.59 अंक उछल कर 411.16 अंक की मजबूती के साथ 74,394.34 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 561.79 अंक टूट कर 150.63 अंक की गिरावट के साथ 73,832.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 110.55 अंक लुढ़क कर 23,104.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से यह सूचकांक 142.90 अंक गिर कर 23,072.05 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे निफ्टी की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के कारण दोपहर एक बजे के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक निचले स्तर से 255.40 अंक रिकवर कर 112.50 अंक की तेजी के साथ 23,327.45 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से निफ्टी दिन के ऊपरी स्तर से 165.85 अंक फिसल कर 53.35 अंक की कमजोरी के साथ 23,161.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईसीआईसीआई बैंक 1.83 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.64 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 1.35 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.98 प्रतिशत और ग्रासिम इंडस्ट्रीज 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

# केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर शून्य किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को पूरी तरह से हटा दिया है। यह शुल्क छूट पेट्रोल के ई22, ई25, ई27 और ई30 संस्करणों पर लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में बुधवार को एक अधिसूचना में जानकारी दी है कि 22 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक 22, 25, 27 और 30 फीसदी ईथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 'शून्य' होगा। यह उत्पाद शुल्क छूट ग्राहकों को ईथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटाया था, जिससे उसने वार्षिक राजस्व में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का घाटा उठाया था। सरकार ने यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के उद्देश्य से लिया था।